Website : www.mantrabharat.com

जुनून है सच लिखने का

E-Mail : mantrabharatmumbai@gmail.com, Mo. 7007837917

संस्करण : मुंबई
वर्ष : 10
अंक : 262
पृष्ठ : 8
मूल्य : 2.00
रविवार, 28 सितम्बर, 2025

# मंत्र भारत

हिन्दी दैनिक

मुंबई, लखनऊ, प्रयागराज एवं ग्वालियर से एक साथ प्रकाशित एवं ठाणे, नवी मुम्बई, पालघर, नासिक एवं पुणे से प्रसारित



3 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीएसएनएल की ...
4 संवादहीनताः परिवार और समाज के लिए एक..
7 41 साल बाद एशिया कप फाइनल में भारत...

## नवरात्रि का छठा दिन

# मां कात्यायिनी

**मां का स्वरूप**

मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं,इनका स्वरूप अत्यंत ही भव्य और दिव्य है। इनका वर्ण स्वर्ण के समान चमकीला और भास्वर है। शेर पर सवार मां की चार भुजाएं हैं, इनके बायें हाथ में कमल और तलवार व दाहिनें हाथों में स्वास्तिक व आशीर्वाद की मुद्रा अंकित है। भगवान कृष्ण को पाने के लिए व्रज की गोपियों ने इन्ही की पूजा कालिंदी नदी के तट पर की थी।ये ब्रज मंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

**कौन हैं मां कात्यायनी**

कत नामक एक प्रसिद्द महर्षि थे,उनके पुत्र ऋषि कात्य हुए। इन्हीं कात्य के गोत्र में विश्व प्रसिद्द महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए थे। इन्होने भगवती पराम्बा की उपासना करते हुए बहुत वर्षों तक बड़ी कठिन तपस्या की थी। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लें। मां भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली। कुछ काल पश्चात जब दानव महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी पर बहुत अधिक बढ़ गया था तब भगवान ब्रह्मा,विष्णु, महेश तीनों ने अपने-अपने तेज़ का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को प्रकट किया। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की और देवी इनकी पुत्री कात्यायनी कहलाईं।



**पूजाविधि**

दुर्गा पूजा के छठे दिन भी सर्वप्रथम कलश व देवी के स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा कि जाती है। पूजा की विधि शुरू करने पर हाथों में सुगन्धित पुष्प लेकर देवी को प्रणाम कर देवी के मंत्र का ध्यान करना चाहिए। मां को श्रृंगार की सभी वस्तुएं अर्पित करें। मां कात्यायनी को शहद बहुत प्रिय है इसलिए इस दिन मां को भोग में शहद अर्पित करें। देवी की पूजा के साथ भगवान शिव की भी पूजा करनी चाहिए।

**पूजा फल**

देवी भागवत पुराण के अनुसार देवी के इस स्वरूप की पूजा करने से शरीर कांतिमान हो जाता है। इनकी आराधना से गृहस्थ जीवन सुखमय रहता है। मां कात्यायिनी की भक्ति और उपासना द्वारा मनुष्य को बड़ी सरलता से अर्थ, धर्म, काम,मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति हो जाती है। उसके रोग,शोक, संताप और भय आदि सर्वथा नष्ट हो जाते हैं।

**किनको होगा लाभ**

जिनके विवाह में विलम्ब हो रहा हो या जिनका वैवाहिक जीवन सुखी नहीं है वे जातक विशेष रूप से मां कात्यायिनी की उपासना करें,लाभ होगा।

**स्तुति मंत्र**

या देवी सर्वभूतेषु माँ कात्यायनी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
चंद्र हासोज्जवलकरा शार्दूलवर वाहना।
कात्यायनी शुभंदद्या देवी दानवघातिनि।।

# तमिलनाडु में भगदड़, अभिनेता विजय की रैली में भीड़ बेकाबू; हादसे पर पीएम मोदी ने जताया दुख

## दो बच्चों समेत 10 की मौत की आशंका

करूर। तमिलनाडु के करूर में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख और अभिनेता विजय की रैली में भगदड़ मच गई। बताया जा रहा है कि रैली में दो बच्चों समेत 10 लोगों की मौत होने की आशंका है। करूर के अस्पतालों में अफरातफरी मच गई है। पुलिस ने रैली में पहुंची भीड़ को हटाने के लिए लाठीचार्ज किया। वहीं सीएम एमके स्टालिन ने घटना को लेकर चिंता जाहिर की है। वहीं मंत्री, शीर्ष अधिकारी, पुलिस अधिकारी करूर पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है।
करूर में रैली के दौरान टीवीके अध्यक्ष के प्रचार वाहन को भारी भीड़ के चलते रोक दिया गया। हालात बेकाबू होते देख विजय को कुछ समय के लिए अपना भाषण रोकना पड़ा। उन्होंने कहा कि पुलिस कृपया मदद करे। भगदड़ के कारण कुछ कार्यकर्ता बेहोश हो गए। दो एंबुलेंस पार्टी कार्यकर्ताओं को लेकर गईं। इस बीच रैली में विजय ने कार्यकर्ताओं को पानी की बोतलें दीं। इसके बाद हालात बिगड़ते गए।



अस्पतालों में पहुंचे कई बेहोश लोगों की मौत हो गई। सूचना पर अस्पताल पहुंचे बेहोश लोगों के परिजन फूट-फूटकर रोने लगे।
सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि विजय की रैली में भगदड़ जैसी स्थिति और कई लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की खबर मिली। करूर प्रशासन से मिली जानकारी चिंताजनक है। स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम और जिला कलेक्टर को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने को कहा है। मंत्री अंबिल महेश को भी मदद मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।
सीएम स्टालिन ने कहा कि उन्होंने शीर्ष पुलिस अधिकारियों को करूर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। सीएम स्टालिन ने करूर में आम जनता से डॉक्टरों और पुलिस के साथ सहयोग करने की अपील की।

### करूर रैली हादसे पर पीएम मोदी ने जताया शोक, घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की

नई दिल्ली। तमिलनाडु के करूर में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) प्रमुख और अभिनेता विजय की रैली में हुई भगदड़ जैसी स्थिति ने पूरे देश को हिला दिया है। इस हादसे में कई लोगों की मौत हो गई जबकि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता घायल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर गहरा शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। उन्होंने कहा कि मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। इस कठिन समय में ईश्वर उन्हें शक्ति प्रदान करे। पीएम ने घायलों के लिए शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना भी की।

### विजय ने सेंथिल बालाजी पर साधा निशाना

करूर में रैली के दौरान अभिनेता और राजनेता विजय ने पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक पूर्व मंत्री ने गलत कारण से जिले को देश भर प्रसिद्ध बना दिया है। डीएमके ने करूर में हवाई अड्डा बनाने का वादा किया था, लेकिन अब उसने केंद्र से हवाई अड्डा बनाने का आग्रह किया है।

# प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर ब्रह्मपुर (ओडिशा) और उधना (गुजरात) के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस का किया शुभारंभ

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सूरत में बुलेट ट्रेन स्टेशन के निर्माण कार्य की समीक्षा की

अहमदाबाद। भारत के हीरा और कपड़ा केंद्र के रूप में विख्यात सूरत में यात्री और माल ढुलाई में तेजी से वृद्धि हो रही है। गुजरात की भविष्य की मांगों को पूरा करने के लिए भारतीय रेलवे व्यापक कदम उठा रहा है। इनमें सूरत एवं उधना में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और नई यात्री व मालगाड़ियां शुरू करना शामिल है।

ओडिशा और गुजरात के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रह्मपुर (ओडिशा) और उधना (गुजरात) के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एक नई पीढ़ी की ट्रेन है, जिसे किफायती, सुरक्षित और लंबी दूरी की यात्रा के लिए डिजाइन किया गया है।




अमृत भारत एक्सप्रेस की विशेषताएंः

बेहतर डिज़ाइन के साथ आधुनिक एर्गोनॉमिक सीटिंग

निर्बाध आवागमन के लिए पूरी तरह से कनेक्टेड कोच

बेहतर सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने वाला ट्विन-इंजन कॉन्फ़िगरेशन

जिस तरह वंदे भारत एक्सप्रेस ने मध्यम वर्ग के लिए यात्रा की नई परिभाषा गढ़ी है, उसी तरह अमृत भारत एक्सप्रेस भी किफायती किराए पर ऐसी ही सुविधाएं प्रदान करेगी। आज शुरू की गई इस रेल सेवा का किराया 495 रुपए (सामान्य श्रेणी) और 795 रुपए (गैर-वातानुकूलित शयनयान श्रेणी) प्रति यात्रा होगा। यह ट्रेन 5 राज्यों (गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और ओडिशा) के 22 जिलों में 1700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी। इस नई कनेक्टिविटी से युवाओं सहित उद्यमियों एवं व्यवसायियों को कपड़ा, हीरा व संबंधित क्षेत्रों में और अधिक अवसर मिलेंगे। इस ट्रेन से मां तारा तारिणी शक्तिपीठ जाने वाले तीर्थयात्रियों को भी लाभ होगा।

गुजरात में स्टेशन पुनर्विकास कार्य

गुजरात के स्टेशनों का विकास अगले 50 वर्षों को ध्यान में रखते हुए मास्टर डेवलपमेंट प्लान के तहत किया जा रहा है।

# 2 साल बढ़ सकता है संसदीय समितियों का कार्यकाल, शशि थरूर को होगा सीधा फायदा

नई दिल्ली। सरकार संसदीय समितियों के पुनर्गठन पर विचार कर रही है, क्योंकि अधिकांश समितियों का कार्यकाल 20 सितंबर को समाप्त हो गया था। सरकार कथित तौर पर इन समितियों को एक वर्ष का विस्तार देने पर विचार कर रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि संसदीय स्थायी समितियों के कई अध्यक्षों का मानना है कि विधेयकों और विषयों की गहन जाँच के लिए वर्तमान एक वर्ष का कार्यकाल अपर्याप्त है। एक राय में कहा गया है कि एक वर्ष की समय सीमा बहुत कम है। सरकार कार्यकाल बढ़ाने पर विचार कर रही है, साथ ही वह कई सांसदों के अनुरोधों की भी समीक्षा कर रही है जो एक समिति से दूसरी समिति में स्थानांतरित होना चाहते हैं। इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भविष्य में विधेयकों की अधिक गहन जाँच की जाए।



यह प्रस्ताव कांग्रेस सांसद शशि थरूर के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष हैं। पार्टी के भीतर हाल के तनावों के बावजूद, इस विस्तार से उन्हें दो साल के लिए अपना पद बरकरार रखने का मौका मिलेगा। संसदीय स्थायी समितियाँ स्थायी निकाय होती हैं जिनमें लोकसभा और राज्यसभा दोनों के निश्चित संख्या में सांसद होते हैं। ये समितियाँ कानूनों की जाँच, सरकारी नीतियों की समीक्षा, बजट आवंटन की जाँच और पूछताछ तथा साक्ष्य संकलन के माध्यम से मंत्रालयों को जवाबदेह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।
जब संसद सत्र में नहीं होती है, तो ये समितियाँ 'लघु-संसद' के रूप में कार्य करती हैं, जिससे सांसदों को पूर्ण संसदीय सत्र की प्रतीक्षा किए बिना नीतियों और कानूनों की विस्तृत निगरानी करने की अनुमति मिलती है। वर्तमान में, समितियों का पुनर्गठन प्रतिवर्ष किया जाता है।

### तकनीक से तरक्की की तरफ तेजी बढ़ रहा है बिहारः मंत्री कृष्ण कुमार मंटू

पटना। सूचना प्रावैधिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा निवेश को आकर्षित करके ही बिहार को पूर्वी भारत का आईटी हब बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिहार आईटी नीति-2024 में वे सभी प्रावधान किये गए हैं, जिससे कि निवेशकों को आकर्षित किया जा सके और बिहार को एक आईटी हब के रूप में विकसित किया जाए। सूचना एवं प्रावैधीकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू शनिवार को पाटलिपुत्र कॉलोनी में नवनिर्मित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ़ इंडिया (एसटीपीआई) इकाई का दौरा करके आईटी कम्पनियों को यहां मिल रही सुविधाओं का जायजा ले रहे थे। इस मौके पर आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम क्षेत्र के कुल आधा दर्जन स्टार्टअप्स ने अपने कार्यों और नवाचार आदि की प्रस्तुति भी की।
यह एसटीपीआई भवन कुल एक लाख वर्गफीट में फैला है और इसमें कुल 103 प्लग एंड प्ले की व्यवस्था है।

# गोवा में अराजकता के खिलाफ आम आदमी पार्टी का बड़ा अभियान, कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

पणजी। गोवा में आम आदमी पार्टी ने राज्यव्यापी अभियान शुरू कर दिया है, जिसका मकसद राज्य को डर और अराजकता से मुक्त कराना है। पार्टी ने इसे सीधे तौर पर बीजेपी सरकार के खिलाफ चलाया। इसके साथ ही गोवा के नागरिकों को सुरक्षा, शांति और न्याय दिलाने का वादा किया ।
पार्टी के अनुसार, गोवा में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक पिछले छह वर्षों में गंभीर अपराधों में 38इ से अधिक वृद्धि हुई है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 40इ से ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केवल पिछले एक साल में 120 से अधिक हत्या या हत्या के प्रयास, 350 से अधिक महिलाओं पर हमले और 800 से अधिक चोरी-लूट के मामले सामने आए हैं।




आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर लगाए आरोप

आप ने बीजेपी पर आरोप लगाया है कि वह राज्य की जमीन और संसाधनों को निजी कंपनियों और बिल्डरों को सौंप रही है। पिछले कुछ वर्षों में 3,200 एकड़ से अधिक सरकारी और सामुदायिक जमीन बिना स्थानीय सहमति के ट्रांसफर की गई। पार्टी का कहना है कि इस प्रक्रिया के खिलाफ आवाज उठाने वालों को धमकाया जाता है।

विकास को लेकर भी उठाए सवाल

सड़कों और बुनियादी सुविधाओं की हालत भी खराब है। राज्य की 72इ सड़कें मरम्मत की प्रतीक्षा में हैं और बारिश में कई इलाके जलमग्न हो जाते हैं। आप ने पहले ही इन मुद्दों को जनता के सामने रखा है और 50,000 से अधिक लोग सरकार के खिलाफ हस्ताक्षर कर चुके हैं। आप का संदेश साफ हैः अब गोवा की जनता डर नहीं मानेगी। अभियान का नारा है, अराजकता का राज चलेगा, जनता का राज चलेगा। यह केवल राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि हर गोवावासी की जनभावना बन चुका है। जनता की यह आवाज राज्य में नई दिशा तय करेगी और बीजेपी के डर और अराजकता के शासन को चुनौती देगी।

### वक्फ कानून पर तमिलनाडु के मंत्री की दो टूक, कहा- सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ही होगा कोई फेरबदल

चेन्नई। वक्फ कानून को लेकर तमिलनाडु के अल्पसंख्यक और अनिवासी तमिल कल्याण मंत्री एसएस नासर ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु वक्फ बोर्ड में तब तक फेरबदल नहीं किया जाएगा, जब तक सुप्रीम कोर्ट अपना अंतिम फैसला नहीं सुना देता।
नासर ने कहा कि चूंकि वक्फ संशोधन अधिनियम से संबंधित याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं। जब तक अंतिम फैसला नहीं सुनाया जाता, तब तक राज्य वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन वक्फ संशोधन अधिनियम के अनुसार नहीं किया जाएगा। इसे केंद्र सरकार ने जल्दबाजी में लागू किया था।
मंत्री ने कहा कि डीएमके सरकार ने वक्फ कानून के साथ छेड़छाड़ का लगातार विरोध किया और राज्य सरकार संशोधन को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट भी गई। शीर्ष अदालत ने 15 सितंबर 2025 को वक्फ संशोधन अधिनियम के चुनिंदा प्रावधानों पर रोक लगाते हुए एक अंतरिम आदेश पारित किया है।

पांच अप्रैल को राष्ट्रपति ने दी थी मंजूरी

केंद्र सरकार ने आठ अप्रैल को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को अधिसूचित किया था। इससे पहले पांच अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस अधिनियम को मंजूरी दी थी। लोकसभा और राज्यसभा ने क्रमशः तीन और चार अप्रैल को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को पारित किया था।
कानून के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गईं हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अगुवाई वाली पीठ ने अंतरिम आदेश पारित किया। प्रमुख प्रावधानों पर रोक लगाते हुए शीर्ष अदालत ने कानून पर पूरी तरह से रोक लगाने से इनकार कर दिया और कहा कि इसके पक्ष में संवैधानिकता की पूर्वधारणा है।

# दक्षिण अमेरिका दौरे पर राहुल गांधी, कई देशों के नेताओं और छात्रों से करेंगे मुलाकात

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शनिवार को घोषणा की कि वरिष्ठ विपक्षी नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका की यात्रा पर रवाना हुए हैं। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट के माध्यम से जानकारी देते हुए, खेड़ा ने लिखा, 'लोकसभा में विपक्ष के नेता, राहुल गांधी, दक्षिण अमेरिका की यात्रा पर रवाना हुए हैं। उनका चार देशों के राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों से मिलने का कार्यक्रम है।' इस साल अप्रैल में संयुक्त राज्य अमेरिका की अपनी पिछली यात्रा के बाद, यह राहुल गांधी का नवीनतम विदेश दौरा है।
इस यात्रा के दौरान, राहुल गांधी का बोस्टन लोगान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारतीय प्रवासी कांग्रेस के सदस्यों ने स्वागत किया, और प्रवासी कांग्रेस प्रमुख सैम पित्रोदा ने स्वयं उनकी अगवानी की। कांग्रेस पार्टी ने तब एक्स पर पोस्ट किया था, 'विपक्ष के नेता राहुल गांधी का बोस्टन, अमेरिका के बोस्टन लोगान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।' वरिष्ठ



कांग्रेस नेता ने बोस्टन में प्रवासी भारतीयों को भी संबोधित किया था, जहाँ उन्होंने आरोप लगाया था कि भारतीय चुनाव आयोग 'समझौता' कर रहा है। महाराष्ट्र चुनावों का उदाहरण देते हुए, राहुल गांधी ने दावा किया कि चुनाव प्रणाली में कुछ बुनियादी तौर पर गड़बड़ है।
राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'महाराष्ट्र में कुल मतदाताओं की संख्या से ज़्यादा लोगों ने मतदान किया, और यह एक सच्चाई है... चुनाव आयोग ने हमें शाम लगभग 5:30 बजे एक आँकड़ा दिया, और दो घंटे में लगभग 7:30 बजे, 65 लाख मतदाताओं ने मतदान किया, जो शारीरिक रूप से असंभव है...।' उनके इस बयान की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आलोचना की और उन पर राष्ट्रीय संस्थाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी की दक्षिण अमेरिका यात्रा से उनके चल रहे अंतर्राष्ट्रीय संपर्क अभियान के तहत, चार देशों के राजनीतिक प्रतिनिधियों, विश्वविद्यालय समुदायों और व्यावसायिक क्षेत्र सहित विविध हितधारकों के साथ बातचीत की उम्मीद है।

### कांग्रेस नेता वाईएस शर्मिला का चंद्रबाबू नायडू पर हमला, कहा- आरएसएस की विचाराधारा अपना रहे सीएम

अमरावती। आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने दलित बस्तियों में मंदिर बनाने के लिए तिरुपति मंदिर के बजट का उपयोग करने पर सीएम चंद्रबाबू नायडू पर हमला बोला। शर्मिला ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू ने आरएसएस की विचारधारा को अपना लिया है। मंदिर निर्माण के बजाय तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) अपने धन का उपयोग दलित बस्तियों में बुनियादी ढांचे और विकास के लिए करे।
विजयवाड़ा के अजित सिंह नगर में शर्मिला ने सीएम चंद्रबाबू नायडू से पूछा कि आप दलित बस्तियों के विकास के लिए टीटीडी के अतिरिक्त फंड का इस्तेमाल क्यों नहीं करते? यदि नायडू वास्तव में दलितों के उत्थान में रुचि रखते हैं, तो वह उनके विकास पर ध्यान क्यों नहीं दे सकते? कल्याण छात्रावास में 200 छात्राएं एक ही शौचालय का उपयोग करने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि नायडू टीटीडी फंड से दलितों की आवश्यकताओं की पूर्ति करके छात्रावासों में सुविधाएं क्यों नहीं प्रदान कर सकते और दलित बस्तियों में स्वच्छता पर ध्यान क्यों नहीं दे सकते? अगर दलित बस्तियों में मंदिर बनाए गए, तो उनमें पुजारी कौन होगा? आप ब्राह्मणों को पुजारी नियुक्त करेंगे या दलितों को? वाईएस शर्मिला ने कहा कि टीटीडी एक बहुत ही पवित्र संस्था है। इससे कोई इनकार नहीं करता, लेकिन मंदिर निर्माण के माध्यम से देश भर में आरएसएस की विचारधारा को लागू करना संविधान का उल्लंघन है। उन्होंने आरोप लगाया कि नायडू ने भाजपा के दक्षिणपंथी एजेंडे को अपना लिया है। उपराष्ट्रपति चुनावों में आरएसएस उम्मीदवारों को नायडू का समर्थन भाजपा और आरएसएस की विचारधारा के साथ उनके जुड़ाव को साबित करता है।

# पाकिस्तान को उसी की भाषा में देना चाहिए जवाब, पीएम मोदी के पुराने इंटरव्यू का जिक्र कर उद्धव ने साधा निशाना

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

भारतीय क्रिकेट टीम दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप का फाइनल खेलेगी, ऐसे में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे समेत कुछ लोगों ने मैच के बहिष्कार का आह्वान किया है। शनिवार को मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, शिवसेना-यूबीटी प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पुराने इंटरव्यू का हवाला देते हुए मैच के बहिष्कार का आह्वान किया। ठाकरे ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि पाकिस्तान को उसकी समझ में आने वाली भाषा में सबक सिखाया जाना चाहिए। उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की अनुमति देने के लिए केंद्र सरकार पर




तंज कसा।

ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है... नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले, रजत शर्मा को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान को उसकी समझ में आने वाली भाषा में सबक सिखाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा था, 'पाकिस्तान हम पर हमला करता है, लेकिन हम अमेरिका जाकर उसकी शिकायत करते हैं। भारत ने एशिया कप में पहली बार 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेला था, जहाँ भारतीय टीम ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी को सात विकेट से हराया था। इसके बाद, दोनों टीमें 21 सितंबर को सुपर फ़ोर चरण में फिर से भिड़ीं और भारतीय टीम ने एक बार फिर पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया। अब दोनों टीमें रविवार को दुबई में एशिया कप के फ़ाइनल में आमने-सामने होंगी। हालाँकि भारत एशिया कप में अब तक दो बार पाकिस्तान से खेल चुका है, विपक्षी दल लगातार सरकार पर भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की अनुमति देकर 'दोहरे मापदंड' अपनाने का आरोप लगाते रहे हैं। हालाँकि, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपना बचाव करते हुए कहा है कि भारत पाकिस्तान के साथ केवल बहुपक्षीय या आईसीसी आयोजनों में ही खेलता है, और उनके साथ कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेलता है।

# बाढ़ प्रभावित किसानों को दिवाली से पहले राहत राशि देना चाहती है महाराष्ट्र सरकार: एकनाथ शिंदे

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए धनराशि वितरित कर रही है और वह यह सुनिश्चित करना चाहती है कि दिवाली से पहले राहत राशि सभी किसानों तक पहुंच जाए।




महाराष्ट्र में 20 सितंबर से जारी भारी बारिश और उसके कारण उफनाई नदियों के चलते राज्य के कई हिस्सों, खासकर मराठवाड़ा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।

सरकार के मुताबिक, वर्षा जनित हादसों में कम से कम नौ लोगों की जान गई है, जबकि बाढ़ के कारण 30,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं। पुणे में संवाददाताओं से बातचीत में शिंदे ने कहा, 'हमने खेतों का दौरा किया है और स्थिति का जायजा लिया है। हमारी सरकार किसानों के साथ दृढ़ता से खड़ी है। हमने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उन्हें मदद के लिए एक पत्र सौंपा है। जब भी कोई संकट आया है, केंद्र ने हमेशा सहयोग दिया है।'

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें महाराष्ट्र में भारी बारिश से उपजी स्थिति से अवगत कराया है। शिंदे ने कहा, 'मकानों के पुनर्निर्माण और मवेशियों, फसलों एवं जानमाल के नुकसान के लिए धनराशि दी जा रही है। सरकार का मानना ??है कि दिवाली से पहले किसानों के हाथों में पैसा पहुंच जाना चाहिए।' विपक्षी दलों के राज्य सरकार की ओर से दी जा रही सहायता को बहुत कम बताए जाने पर शिंदे ने कहा कि ऐसे आलोचकों को राजनीति करने के बजाय 'लोगों के आंसू पोंछने और उनकी स्थिति देखने के लिए खेतों में जाना चाहिए।

# वडाला ट्रक टर्मिनल पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार - मुंबई पुलिस बल ने मचा हड़कंप

मुंबई - वडाला ट्रक टर्मिनल पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक और एक अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उनके नाम वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चंद्रकांत सुधाकर सरोदे और उपनिरीक्षक राहुल रमेश वाघमोड़े हैं।




एसीबी भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के अधिकारियों द्वारा पुलिस बल के इन 2 वरिष्ठ अधिकारियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार करने के बाद पुलिस बल में हड़कंप मच गया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सरोदे और पुलिस उपनिरीक्षक वाघमोड़े ने 4.5 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। हालांकि, शिकायतकर्ता इसे देने के लिए सहमत नहीं था। इसलिए, उन्होंने भ्रष्टाचार निरोधक विभाग से शिकायत की थी। तदनुसार, यह कार्रवाई की गई है। सरोदे को रिश्वत राशि के 2 लाख रुपये स्वीकार करते हुए गिरफ्तार किया गया है और वाघमोड़े को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चंद्रकांत सुधाकर सरोदे और पुलिस उपनिरीक्षक राहुल रमेश वाघमोडे ने एक दर्ज अपराध के मामले में शिकायतकर्ता की मदद करने के बदले में रिश्वत की मांग की थी। हालांकि, समझौता होने के बाद, सरोदे के लिए 4 लाख रुपये और वाघमोडे के लिए 50 हजार रुपये तय हुए। 2 लाख रुपये की पहली किस्त सरोदे को दी गई। जबकि वाघमोडे को 30 हजार रुपये दिए गए। इसी दौरान दोनों अधिकारियों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के अधिकारियों ने पुलिस निरीक्षक कृष्णा मेखले की देखरेख और जांच अधिकारी नितिन थोरात के मार्गदर्शन में इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

अपर पुलिस आयुक्त संदीप दीवान, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अनिल घेरड़ीकर और राजेंद्र सांगले के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

# चर्चगेट स्टेशन पर मिले गणेशपुरी से लापता बच्चे

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

मुंबई। रेलवे पुलिस को भिवंडी के गणेशपुरी से 2 लापता नाबालिग बच्चे चर्चगेट रेलवे स्टेशन पर मिले। अब उनका पता लगा लिया गया है और उन्हें उनके माता-पिता को सौंप दिया गया है। इस बीच, इन बच्चों के लापता होने के संबंध में गणेशपुरी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को इस बारे में जानकारी देने के बाद, बच्चों को गणेशपूरी पुलिस और माता-पिता को सौंप दिया गया।

जब चर्चगेट रेलवे पुलिस ठाणे के सब-इंस्पेक्टर चव्हाण, हवलदार बीर्जे और सिपाही चौगुले महिला पुलिसकर्मियों के साथ चर्चगेट रेलवे स्टेशन के जनरल हॉल में थे, एक महिला पुलिस अधिकारी एक लड़के के साथ आई और उन्हें बताया कि उनके साथ एक लड़का बिना माता-पिता के लोकल में घूमता हुआ पाया गया था। इस समय, पुलिस ने उस लड़के को हिरासत में लिया और उसके बारे में पूछताछ की। इसमें उसने कहा कि उसका नाम अरफाज कादिर खान है इसमें उसने कहा कि वह अपने दोस्त रेहान (उम्र 14 वर्ष) के साथ घर



पर किसी को बताए बिना टहलने के लिए निकल गया था। तदनुसार, अधिकारी चव्हाण और बिरजे लड़के को ले गए और शहर की सीमा में उसके दोस्त की तलाश की। उस समय, उसका दोस्त रेहान और उसके पिता सज्जाद आलम मोहम्मद इदरीस मिले। पुलिस ने उनसे पूछताछ की और पाया कि दोनों लड़के 17 सितंबर से बिना किसी को बताए घर से चले गए थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस संबंध में गणेशपुरी पुलिस स्टेशन (भिवंडी) में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उसके बाद, पुलिस लड़कों को पुलिस स्टेशन ले आई और गणेशपुरी पुलिस स्टेशन के अधिकारी बच्छव को बुलाया और उन्हें इस बारे में सूचित किया। उन्होंने कहा कि इन लड़कों के लिए एक गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है और गणेशपुरी पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया है।

इस बीच, एक पत्र जिसमें कहा गया है कि लड़कों को शिकायतकर्ता सज्जाद आलम मोहम्मद इदरीस को सौंपने में कोई आपत्ति नहीं है और केस पंजीकरण की एक प्रति भेज दी गई है हालाँकि, उन्होंने कहा कि उनकी तबियत ठीक नहीं है और वे नहीं आ सकते। उन्होंने कहा कि उन्हें इन बच्चों को अपने बेटे सज्जाद आलम मोहम्मद इदरीस को सौंपने में कोई आपत्ति नहीं है। इसलिए, इन दोनों बच्चों को अब गणेशपुरी थाने भेज दिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विष्णु केसरकर के मार्गदर्शन में किया गया है।

# पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाएगी तीन जोड़ी त्योहार स्पेशल ट्रेनें

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के त्योहारी सीज़न के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस-अयोध्या कैंट, बांद्रा टर्मिनस-लुधियाना जं. और उधना-जयनगर के बीच विशेष किराए पर त्योहार स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है:

1. ट्रेन संख्या 09095/09096 बांद्रा टर्मिनस-अयोध्या कैंट साप्ताहिक स्पेशल (16 फेरे)

ट्रेन संख्या 09095 बांद्रा टर्मिनस-अयोध्या कैंट साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक बुधवार को बांद्रा टर्मिनस से 11:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17:30 बजे अयोध्या कैंट पहुँचेगी। यह ट्रेन 1 अक्टूबर से 19 नवंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09096 अयोध्या कैंट-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को अयोध्या कैंट से 21:00 बजे प्रस्थान करेगी और शनिवार को 06:00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 2 अक्टूबर से 20 नवंबर 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, दाहोद, मेघनगर, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ और बाराबंकी स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

2. ट्रेन संख्या 09097/09098 बांद्रा टर्मिनस-लुधियाना जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल (18 फेरे)

ट्रेन संख्या 09097 बांद्रा टर्मिनस-लुधियाना जं. साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक रविवार को बांद्रा टर्मिनस से 21:50 बजे प्रस्थान करेगी और मंगलवार को 00:30 बजे लुधियाना जं. पहुँचेगी। यह ट्रेन 5 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09098 लुधियाना जं.-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को लुधियाना जं. से 04:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10:20 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 7 अक्टूबर से 2 दिसंबर 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, मथुरा जं., नई दिल्ली, पानीपत और अम्बाला स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी-2 टियर, एसी-3 टियर और एसी-3 टियर (इकोनॉमी) क्लास कोच होंगे।

3. ट्रेन संख्या 09151/09152 उधना-जयनगर स्पेशल (02 फेरे)

ट्रेन संख्या 09151 उधना-जयनगर स्पेशल मंगलवार, 30 सितंबर, 2025 को उधना से 06:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 21:30 बजे जयनगर पहुँचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09152 जयनगर-उधना स्पेशल बुधवार, 01 अक्टूबर, 2025 को जयनगर से 23:00 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 17:45 बजे उधना पहुँचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सूरत, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, उज्जैन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, बीना, कटनी मुरवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

ट्रेन संख्या की 09151 बुकिंग 28 सितंबर, 2025 से तथा ट्रेन संख्या 09095 एवं 09097 की बुकिंग 29 सितंबर, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, संरचना और समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# मुलुंड और ठाणे के बीच 2 अक्टूबर तक यातायात में बदलाव

मुंबई। पूर्व उपनगर यातायात पुलिस की प्रभागीय शाखा ने 2 अक्टूबर तक मुलुंड और ठाणे के बीच यातायात में बदलाव किया है। कहा गया है कि कुछ सड़कें भारी वाहनों के लिए बंद रहेंगी। पुलिस के मुलुंड यातायात विभाग से एलबीएस रोड के माध्यम से ठाणे शहर की सीमा में प्रवेश करने और बाहर जाने वाले भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। तदनुसार, 19 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सुबह 6:00 बजे से 11:00 बजे तक और शाम 5:00 बजे से रात 10:00 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

मुंबई से एलबीएस रोड के माध्यम से ठाणे शहर में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों (10-पहिया ट्रक और उससे अधिक) को वागले यातायात उप-विभाग के मोडेला चेक नाका पर 'प्रतिबंधित' किया गया है। यह कहा गया इस बीच, जनता को किसी भी तरह के खतरे या बाधा से बचाने और असुविधा से बचाने के लिए, पूर्वी उपनगर परिवहन विभाग के पुलिस उपायुक्त प्रदीप चव्हाण ने आदेश जारी किए हैं। इसके अनुसार, मुलुंड परिवहन विभाग ने ठाणे शहर के वागले उप-विभाग की सीमा से एलबीएस रोड होते हुए मुंबई शहर में प्रवेश करने वाले सभी प्रकार के भारी वाहनों (10-पहिया ट्रक और उससे अधिक) के मुलुंड परिवहन विभाग की सीमा में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है (आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों को छोड़कर)।


**पश्चिम रेलवे**

सामग्री प्रबंधन विभाग

**विभिन्न सामग्री आपूर्ति**

**ई-खरीद निविदा सूचना संख्या एस/63/2025 दिनांक 25.09.2025**

| अ.क्र. | वस्तु का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी |
|---|---|---|---|
| 558 | आरडीएसओ निर्देश संख्याः टी-8822 के अनुसार थिक वेब स्विच एक्सपेंशन जॉइंट (टीडब्ल्यूएसईजे) के निर्माण और आपूर्ति के लिए एक वर्ष का चालू अनुबंध। | 810 Set | 24-Oct-25 |
| 559 | लकड़ी आधारित रेजिन संसेचित | 2676 Nos | 27-Oct-25 |
| 560 | सीएलडब्ल्यू ड्रग संख्या (1)05/1/50/440Alt 8 (2)05/1/50/441 Alt 7 (संदर्भ 1 से 27,43,44,46 से 52 तक) (3) 05/3/50/292 Alt 4 और विनिर्देश संख्या M/EL/20/TS-1 के अनुरूप सीएलडब्ल्यू निर्मित इलेक्ट्रिक लोको के लिए उपयुक्त रिएक्टर SL-30 को सुचारू करने के लिए हुड। | 240 Nos | 27-Oct-25 |
| 561 | सीमेंस निर्मित प्रोग्राम स्विच का सेट | 80 Set | 27-Oct-25 |
| 562 | अवरोधित खनिज रोधक तेल | 443517 Ltr | 27-Oct-25 |
| 563 | डीबीआर (अर्थिंग रेसिस्टर) | 108 Nos | 28-Oct-25 |
| 564 | एसी भेल एमु रेक के लिए मॉड्यूल 68818AX3AA 170 KVA | 4 Nos | 31-Oct-25 |
| 565 | हिताची प्रकार के ट्रैक्शन मोटर के लिए गियर केस असेंबली | 480 Nos | 06-Nov-25 |
| 566 | ट्रांसफार्मर ऑयल कूलर के लिए ब्लोअर | 80 Set | 12-Nov-25 |
| 567 | ट्रैक्शन मोटर के लिए ब्लोअर | 160 Set | 17-Nov-25 |
| 568 | ट्राई प्लेट पैनल माउंटेड ब्रेक सिस्टम | 60 Set | 19-Nov-25 |

**शुद्धिपत्र**

कृपया निविदा सूचना संख्या एस-60-2025 दिनांक 11-09-2025, क्रमांक 522 के लिए मात्रा को '271 संख्या' पढ़ें।

विस्तृत सूचना, अग्रिम राशि, क्रय प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in देखें। 0643

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly


# मध्य रेल पूजा, दिवाली और छठ पर्व 2025 के लिए 60 अतिरिक्त विशेष ट्रेनें चलाएगा

**मुंबई(संवाददाता)**

**मंत्र न्यूज**

मध्य रेल आगामी पूजा, दिवाली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए 60 अतिरिक्त विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा। विवरण नीचे दिया गया है:

1) सीएसएमटी-आसनसोल-सीएसएमटी साप्ताहिक एसी विशेष (12 सेवाएँ) 01145 साप्ताहिक एसी विशेष दिनांक 06.10.2025 से 10.11.2025 तक प्रत्येक सोमवार को 11.05 बजे सीएसएमटी मुंबई से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 05.30 बजे आसनसोल पहुँचेगी। (6 सेवाएँ) 01146 साप्ताहिक एसी विशेष दिनांक 08.10.2025 से 12.11.2025 तक प्रत्येक बुधवार को 21.00 बजे आसनसोल से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 16.20 बजे सीएसएमटी मुंबई पहुँचेगी। (6 सेवाएँ) ठहरावः दादर, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ, सासाराम, देवरिया सदर, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग रोड, पारसनाथ, एनएससी बोस जे गोमो, धनबाद और कुल्टी। संरचनाः 20 एसी 3-टियर कोच और 2 जनरेटर कार। 2) सीएसएमटी-करीमनगर-सीएसएमटी साप्ताहिक एसी विशेष - (12 सेवाएं) 01021 साप्ताहिक एसी विशेष दिनांक 11.10.2025 से 15.11.2025 तक प्रत्येक शनिवार को 00.20 बजे सीएसएमटी मुंबई से प्रस्थान करेगी और उसी दिन 16.00 बजे करीमनगर पहुंचेगी। (6 सेवाएँ) 01022 साप्ताहिक एसी विशेष दिनांक 11.10.2025 से 15.11.2025 तक प्रत्येक शनिवार को 17.30 बजे करीमनगर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13.50 बजे सीएसएमटी मुंबई पहुंचेगी। (6 सेवाएँ) ठहरावः दादर, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, नगरसोल, औरंगाबाद, जालना, परतूर, सेलु, परभणी, पूर्णा, हजूर साहिब नांदेड़, मुदखेड़, धर्माबाद, बसर, निज़ामाबाद, आर्मूर, मेटपल्ली और कोराटला। संरचनाः 20 एसी 3-टियर कोच और 2 जेनरेटर कार 3) एलटीटी-मुजफ्फरपुर-एलटीटी साप्ताहिक एसी विशेष (12 सेवाएँ) 01043 साप्ताहिक एसी विशेष दिनांक 07.10.2025 से 11.11.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से दोपहर 12.15 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 6.30 बजे मुजफ्फरपुर पहुँचेगी। (6 सेवाएँ) 01044 साप्ताहिक एसी विशेष दिनांक 09.10.2025 से 13.11.2025 तक प्रत्येक गुरुवार को सुबह 8.30 बजे मुजफ्फरपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 22.50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुँचेगी। (6 सेवाएँ) ठहरावः ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगाँव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, गोविंदपुरी जं., फ़तेहपुर, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र और हाजीपुर संरचनाः एक फर्स्ट एसी, तीन एसी 2-टियर, 15 एसी 3-टियर, 1 पेंट्री कार और 2 जेनरेटर कार।

4)पुणे-हज़रत निज़ामुद्दीन-पुणे द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एसी विशेष(24 सेवाएँ) 01493 द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एसी विशेष दिनांक 06.10.2025 से 13.11.2025 तक प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को 17.30 बजे पुणे से प्रस्थान करेगी।


**पश्चिम रेलवे**

**2 लेन सड़क ऊपरी पुलों का निर्माण**

उप मुख्य अभियंता (निर्माण), पश्चिम रेलवे, सूरत-395006, निविदा सूचना संख्याः उप मुख्य अभियंता (सी)एसटी/174, 24.09.2025 आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल में उधना-उकाई सोनगढ़ के बीच किमी 15/12-13 पर समपार संख्या 16 के स्थान पर पहुँच मार्ग (एक सिरे से दूसरे सिरे तक) सहित 2 लेन सड़क ऊपरी पुल (आरओबी) का निर्माण। **कार्य की अनुमानित लागतः** 51,73,38,684.12/- **बयाना राशिः** 27,36,700/-। **जमा करने की तिथि एवं समयः** 16.10.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि एवं समयः** 16.10.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 0646

हमें फॉलो करें facebook.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (पश्चिम रेलवे), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई -400008 आमंत्रित करता है- **क्रमांकः** 1. **निविदा सूचना संख्याः** बीसीटी/25-26/237, दिनांक 25.09.2025। **कार्य और स्थानः उकाई सोनगढ़ जलगाँव खंडः नंदुरबार** - ठेकेदार के स्वयं के स्रोत से रेलवे ओवरहेड टैंक में एक वर्ष की अवधि के लिए 747600 लीटर प्रतिदिन पेयजल की आपूर्ति। **कार्य की अनुमानित लागतः** 78,61,499.94। **बयाना राशिः** 1,57,200/- **क्रमांकः** 2. **निविदा सूचना संख्याः** बीसीटी/25-26/238, दिनांक 25.09.2025। **कार्य और स्थानः उकाई सोनगढ़ - जलगाँव खंडः** नरदाना यार्ड - धुले - नरदाना नई लाइन परियोजना (50.060 किमी) के संबंध में ट्रैक बिछाने और अन्य सड़क निर्माण कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** 68,51,506.95। **बयाना राशिः** 1,37,000/-। **दोनों निविदाएँ जमा करने की तिथि और समयः** 22.10.2025, 15:00 बजे तक। **दोनों निविदाएँ खोलने की तिथि और समयः** 22.10.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 0642

हमें फॉलो करें facebook.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008।

कार्य - मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करना।

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-41 | 14-10-25 15:00:00 |

| अ. क्र. | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **ADVT-BCT-DDR-OSN-443-25-1** (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | दादर (डीडीआर) स्टेशन पर पैदल पुलों (एफओबी) पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | **1096** | 14-10-25 15:30:00 |
| 2 | **ADVT-BCT-CYR-OSN-442-25-1** (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | चर्नी रोड (सीवाईआर) स्टेशन पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | **1096** | 14-10-25 15:40:00 |
| 3 | **ADVT-BCT-BA-OSN-440-25-1** (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | बांद्रा (बीए) स्टेशन पर पैदल पुलों (एफओबी) पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | **1096** | 14-10-25 15:50:00 |
| 4 | **ADVT-BCT-ADH-OSN-441-25-1** (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | अंधेरी स्टेशन के ऊपरी डेक पर बैठने की व्यवस्था के साथ ग्लो लॉलीपॉप के लिए तीन वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | **1096** | 14-10-25 16:00:00 |

संपर्क विवरणः लैंडलाइन नंबरः 02267644212. ईमेल आईडीः acmadvtgbct@gmail.com नोटः संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण नीचे दिए गए कैटलॉग में उपलब्ध हैं। 0639

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीएसएनएल की स्वदेशी '4जी' सेवा का शुभारंभ किया

## बीएसएनएल की स्वदेशी '4जी' सेवा से महाराष्ट्र सरकार की 1100 ऑनलाइन सेवाएँ गाँवों तक पहुँचाने में मदद मिलेगी - मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

आत्मनिर्भर भारत योजना के अंतर्गत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा से एक टेलीविज़न कार्यक्रम के माध्यम से पूर्णतः स्वदेशी '4जी' तकनीक आधारित सेवा का उद्घाटन किया। इसके अंतर्गत बीएसएनएल के 92,633 टावरों का उद्घाटन किया गया है, जिनमें से 9,30 टावर महाराष्ट्र में स्थापित किए गए हैं। इसके माध्यम से, '4जी' तकनीक देश के साथ-साथ राज्य के लाखों लोगों तक पहुँचेगी और इस कनेक्टिविटी से महाराष्ट्र सरकार की ग्यारह सौ ऑनलाइन सेवाओं को गाँव-गाँव तक पहुँचने में लाभ होगा, ऐसा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा।

प्रधानमंत्री श्री. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, प्रधानमंत्री श्री. द्वारा टेलीविज़न प्रणाली के माध्यम से '4जी' नेटवर्क के उद्घाटन के उपलक्ष्य में साहित्य रत्न लोकशाहीर अन्ना भाऊ साठे सांस्कृतिक कला मंदिर, यरवदा में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांतदादा पाटिल, शहरी विकास राज्य मंत्री माधुरी मिसाल, भारती एयरटेल के संस्थापक अध्यक्ष सुनील मित्तल, सांसद मेधा




कुलकर्णी, बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक हरिंदर कुमार, दूरसंचार विभाग के विशेष महानिदेशक आर. के. गोयल उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री. फडणवीस ने कहा, महाराष्ट्र में नागरिकों को राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली ग्यारह सौ सेवाएँ ऑनलाइन और व्हाट्सएप पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें से 90 प्रतिशत सेवाओं को एंड-टू-एंड डिजिटल बनाया जा रहा है। इससे नागरिकों को उनके निवास स्थान पर ही उनके आवेदनों की जानकारी मिल जाएगी। सेवा गारंटी अधिनियम का सही मायने में क्रियान्वयन हो रहा है। नागरिकों को मोबाइल के माध्यम से सेवाएँ प्रदान करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए कनेक्टिविटी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने भारतनेट के माध्यम से गाँव-गाँव में फाइबर सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया और बीएसएनएल को बधाई दी।

बीएसएनएल के 92,633 टावरों के उद्घाटन को हर्ष का विषय बताते हुए मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने कहा कि इनमें से 9,030 टावर महाराष्ट्र में हैं। इन टावरों के माध्यम से देश के 24,680,000 गाँवों को '4जी' नेटवर्क प्रदान किया जाएगा। देश के विकास के लिए संचार महत्वपूर्ण है। 21वीं सदी की शुरुआत में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि विकास का मार्ग संचार है। उन्होंने देश और गाँवों को संचार की दृष्टि से सड़कों से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की। अब, 21वीं सदी में, यह महसूस किया जा रहा है कि विकास के लिए केवल सड़कें ही नहीं, बल्कि कनेक्टिविटी भी महत्वपूर्ण है। इस सदी का विकास गाँवों तक मोबाइल कनेक्टिविटी और इंटरनेट पहुँचाए बिना नहीं हो सकता। इसलिए, इस तकनीक को गाँवों तक पहुँचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में '4जी' टावर बनाए गए।

शुरुआत में, चार देशों, फिनलैंड, स्वीडन, चीन और दक्षिण कोरिया के पास अपनी '4जी' तकनीक थी। चीन इस तकनीक को उपलब्ध कराने में सहयोग नहीं करने वाला था। इसलिए, देश की कंपनियों को एक साथ लाकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तकनीक बनाने के प्रयास शुरू किए गए। सी-डॉट, तेजस, आईआईटी, टीएसएस और बीएसएनएल ने शुद्ध, स्वदेशी तकनीक पर आधारित '4जी' तकनीक बनाई है, जिससे भारत इस क्षेत्र में पाँचवाँ देश बन गया है। जब भी किसी ने भारत को चुनौती दी है, भारत ने अपनी क्षमता दिखाई है। मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने कहा कि भारत के ज्ञान, प्रतिभा और कार्य के माध्यम से हम दुनिया को जवाब दे सकते हैं और आज का कार्यक्रम इसी का एक हिस्सा है।

जब इंटरनेट गाँवों तक पहुँचता है, तो हम गाँवों को दुनिया से जोड़ते हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कनेक्टिविटी महत्वपूर्ण है। किसानों को मौसम और जलवायु परिवर्तन की जानकारी देकर उन्हें होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है। स्मार्ट गाँवों की मदद से गाँवों की सभी व्यवस्थाएँ बेहतर बनाई जा सकती हैं। उद्योग, कृषि और बाज़ारों के लिए कनेक्टिविटी महत्वपूर्ण है। कनेक्टिविटी व्यवस्था में बदलाव के साथ-साथ पारदर्शिता भी लाती है। तकनीक भेदभाव रहित व्यवस्था है।

# मंत्रालय में नवतेजस्विनी प्रदर्शनी 2025 का समापन

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

मुंबई।महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत महिला आर्थिक विकास निगम (ईंम्च्श्) द्वारा मंत्रालय के त्रिमूर्ति परिसर में 'नवतेजस्विनी प्रदर्शनी 2025' का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी उत्साहपूर्वक संपन्न हुई।

MAVIM की प्रबंध निदेशक राजलक्ष्मी शाह ने कहा कि नवतेजस्विनी प्रदर्शनी का प्रत्येक स्टॉल महिलाओं की रचनात्मकता, दृढ़ संकल्प और सामूहिक उद्यमिता का प्रतीक है। ईंम्च्श् महिलाओं को कार्यात्मक साक्षरता, कौशल प्रशिक्षण और बैंक ऋण प्रदान करके उद्यमी बनाने का कार्य कर रहा है। इससे समाज में सकारात्मक बदलाव भी आ रहे हैं। इस प्रदर्शनी ने ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों के लिए शहरी बाजार उपलब्ध कराया, बिक्री में वृद्धि की और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा दिया। नवतेजस्विनी प्रदर्शनी 2025 ग्रामीण महिलाओं की कड़ी मेहनत, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता का एक सफल उत्सव था।

23 से 26 सितंबर, 2025 तक आयोजित इस प्रदर्शनी को मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों, काम के सिलसिले में मंत्रालय आने वाले नागरिकों और ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री से संतोषजनक प्रतिक्रिया मिली।

राज्य भर के स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रस्तुत उत्पादों को ग्राहकों से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली। चंद्रपुर से बांस की वस्तुएँ, गोंदिया से लाख की चूड़ियाँ, ठाणे से वारली कला, पुराने कैलेंडर पेपर से बने आभूषण और अकोला से पारंपरिक गुलपट्टी जैसे उत्पादों ने विशेष आकर्षण पैदा किया।

ग्राहकों ने उत्पादों के साथ अपने अनुभव भी साझा किए। एक युवा ग्राहक ने जैविक उत्पादों के पोषण मूल्य पर प्रकाश डाला, जबकि एक वरिष्ठ नागरिक ने कहा कि गुड़ का स्वाद हमें बचपन की यादों में ले जाता है। पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ उत्पादों को अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

स्वयं सहायता समूह की उद्यमी महिलाओं ने कहा कि माविम द्वारा प्रदान किए गए अवसर ने उनके उत्पादों को एक नया बाजार दिया है। उन्होंने बताया कि कुछ ग्राहकों ने खरीदारी के लिए उनसे फिर से संपर्क किया है।

मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव अश्विनी भिड़े और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# रायगढ़ ज़िले सहित पुणे घाट क्षेत्र में रेड अलर्ट

## सातारा, कोल्हापुर घाट क्षेत्र सहित आठ ज़िलों में ऑरेंज अलर्ट

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया है कि 28 सितंबर 2025 के लिए रायगढ़ ज़िले और पुणे घाट क्षेत्र के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि पालघर, ठाणे, मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, नासिक और छत्रपति संभाजीनगर ज़िलों के साथ-साथ सातारा घाट और कोल्हापुर घाट क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

सचेत और भारतीय मौसम विभाग के माध्यम से नागरिकों को अग्रिम चेतावनी दी जा रही है और केंद्रीय संगठन, राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र के साथ निरंतर संवाद करके, आगामी मौसम पूर्वानुमान की जानकारी सभी ज़िलों तक पहुँचाई जा रही है।

सोलापुर ज़िले में, सिना नदी वडकबल में चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही है। जबकि भीमा नदी टाकली में चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही है। चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही है। सीना नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण स्थानीय टीमों और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की दो टीमों को तैनात किया गया है। आवश्यकतानुसार नागरिकों को निकालने का ध्यान रखा जा रहा है।

अहिल्यानगर जिले के जामखेड तालुका में भारी बारिश हुई है और सुबह 9.30 बजे से खैरी बांध से 16,743 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। आवश्यकतानुसार नागरिकों को निकालने के लिए एहतियात बरती जा रही है। जामखेड तालुका में दर्दवाड़ी पुल से पानी बहने के कारण सुरक्षा कारणों से जामखेड से खरदा तक यातायात बंद कर दिया गया है।

धाराशिव जिले के परंदा और भूम में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। आवश्यकतानुसार नागरिकों को निकालने का ध्यान रखा जा रहा है। एहतियात के तौर पर, पुणे से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की दो टीमें भेजी गई हैं।

बीड जिले के 20 हलकों में भारी बारिश (65 मिमी) दर्ज की गई है, इसलिए आवश्यकतानुसार नागरिकों को निकालने के लिए एहतियात बरती जा रही है।

औसतन 75.3 मिमी. लातूर जिले में 1,000 से अधिक बारिश दर्ज की गई है, जिसके परिणामस्वरूप अहमदपुर तालुका में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। चिल्खा बैराज पर चार नागरिकों को बचाने के लिए एक स्थानीय टीम की मदद से बचाव कार्य जारी है। सुरक्षा कारणों से जिले में 60 सड़कें बंद कर दी गई हैं। साथ ही, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की एक टीम नांदेड़ से लातूर, अहमदपुर भेजी जा रही है।

पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे अधिक बारिश वाले जिले हैंः लातूर जिले में 75.3 मिमी, हिंगोली में 66.2 मिमी, परभणी में 54.9 मिमी, धाराशिव में 54.5 मिमी और गढ़चिरौली जिले में 53.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। साथ ही, वर्धा जिले में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने यह भी जानकारी दी है कि नांदेड़ जिले में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# नवी मुंबई नगर निगम द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यशाला के माध्यम से सिडको कर्मचारियों ने संविधान के महत्व को जाना

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

देश भर में संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष के उत्सव के अनुरूप, नवी मुंबई नगर निगम ने आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में 'संविधान साक्षर नवी मुंबई शहर' के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए 'घरघरी संविधान' नामक एक अभिनव पहल शुरू की है।

इसके अंतर्गत, संविधान की प्रस्तावना के पोस्टर घर-घर बाँटे जा रहे हैं और संविधान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्तरों पर 'संविधान साक्षरता कार्यशालाएँ' शुरू की गई हैं। नागरिकों की इसमें लगातार बढ़ती भागीदारी देखने को मिल रही है।

नवी मुंबई नगर निगम द्वारा सिडको निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए इसी प्रकार की एक संविधान साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सिडको के 150 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया और संविधान के सिद्धांतों और मूल्यों तथा दैनिक जीवन में संविधान को अपनाने के बारे में जानकारी प्राप्त की।

संविधान विद्वान और लेखक श्री सुरेश सावंत ने अपने व्याख्यान में बताया कि भारतीय नागरिक होने के नाते हमारे



लिए संविधान को जानना क्यों ज़रूरी है और एक सरकारी कर्मचारी और नागरिक के रूप में हमारी ज़िम्मेदारियों पर मार्गदर्शक टिप्पणी की। सामाजिक कार्यकर्ता श्री दशरथ गंभीरे ने कार्यशाला का परिचय दिया और सलाहकार श्री संध्या अंबाडे ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यशाला का समापन संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ हुआ। सिडको के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कार्यशाला के आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आज वे संविधान के सही अर्थ को समझ पाए हैं।

## मध्य रेल सोलापुर और नागपुर के बीच धम्मचक्र प्रवर्तन दिन विशेष ट्रेनें चलाएगा

मुंबई(संवाददाता) । मध्य रेल, यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए 2 अक्टूबर को धम्मचक्र प्रवर्तन दिन 2025 के अवसर पर सोलापुर और नागपुर के बीच विशेष ट्रेनें चलाएगा, जैसा कि नीचे दिया गया हैः

**सोलापुर-नागपुर धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस विशेष ट्रेनें** - ट्रेन संख्या 01029 सोलापुर-नागपुर स्पेशल 01.10.2025 को सुबह 9:50 बजे सोलापुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 5:10 बजे नागपुर पहुँचेगी।

ट्रेन संख्या 01030 नागपुर-सोलापुर स्पेशल 02.10.2025 को रात 11:30 बजे नागपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 11:45 बजे सोलापुर पहुँचेगी।

ठहरावः कुर्डुवाडी, दौंड, अहिल्यानगर, बेलापुर, कोपरगाँव, मनमाड, चालीसगाँव, पचोरा, जलगाँव, भुसावल, मलकापुर, शेगांव, अकोला, मुर्तजापुर, बडनेरा, धामनगाँव, पुलगाँव, वर्धा और अजनी। संरचनाः 16 अनारक्षित कोच और 2 लगेज कम ब्रेक वैन (18 कोच) बुकिंगः अनारक्षित कोचों की बुकिंग स्टेशनों पर बुकिंग काउंटरों और यूटीएस ऐप के माध्यम से भी की जा सकती है। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए वैध टिकट के साथ यात्रा करें। इन विशेष ट्रेनों के ठहराव के विस्तृत समय के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें।

# आईआरसीटीसी पश्चिमी क्षेत्र मुंबई में मनाया गया स्वच्छोत्सव 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 2025

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज़्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी), पश्चिमी क्षेत्र मुंबई ने राष्ट्रव्यापी स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 17 सितम्बर 2025 को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 2025 का आयोजन किया। इस अवसर पर पश्चिमी क्षेत्र मुंबई के समूह महाप्रबंधक श्री गौरव झा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई।

यह वार्षिक अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, जो 'सम्पूर्ण सरकार एवं सम्पूर्ण समाज' की भावना को दर्शाता है और नागरिकों, संस्थाओं तथा नेतृत्व को एकजुट कर स्वच्छता का संदेश सुदृढ़ करता है।

पश्चिमी क्षेत्र के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों एवं कार्यस्थलों पर कर्मचारियों ने शपथ ली, जिसमें प्रमुख संकल्प शामिल थेः

स्वच्छता हेतु समर्पण और प्रति वर्ष 100 घंटे (प्रति सप्ताह 2 घंटे) स्वैच्छिक योगदान।







कार्यस्थल एवं घर पर स्वच्छ वातावरण बनाए रखना।

गंदगी न फैलाना और दूसरों को भी ऐसा न करने हेतु प्रेरित करना।

स्वच्छ भारत मिशन का संदेश फैलाना और कम से कम 100 लोगों को शपथ लेने के लिए प्रेरित करना।

शपथ के उपरांत कर्मचारियों ने श्रमदान (स्वैच्छिक स्वच्छता गतिविधियों) में भाग लिया। अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें प्रमुख हैंः

20 सितम्बर 2025 - स्वच्छता पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए योग एवं खेलकूद गतिविधियाँ।

23 सितम्बर 2025 - क्षेत्रीय कार्यालय में व्यापक स्वच्छता अभियान।

27 सितम्बर 2025 - एसएसटी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, उल्हासनगर की एनएसएस इकाई द्वारा नुक्कड़ नाटक। यह कार्यक्रम उप-प्राचार्य श्री जीवन विचारे के मार्गदर्शन, श्री सदन जावरे (डायरेक्टर, ड्रामा नोमिक्स) के पर्यवेक्षण, श्री पंकज पांडे (समन्वयक) और श्री विक्रांत खिस्मतराव के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया। 25 एनएसएस विद्यार्थियों के दल ने कल्याण रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म और परिसर में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर स्टेशन को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का सशक्त संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. ए.के. सिंह (पीआरओ), श्री नागेश चौधरी (प्रबंधक/मानव संसाधन), श्री स्वप्निल आवले (विजिलेंस अधिकारी), श्री एम.पी. यादव (परामर्शदाता, पश्चिमी क्षेत्र मुंबई) सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 2 अक्तूबर 2025 तक जारी रहेगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता अभियान, जन-जागरूकता कार्यक्रम और नागरिक सहभागिता गतिविधियाँ पश्चिमी क्षेत्र में आयोजित की जाएंगी।

# मुंबई हवाई अड्डे पर 21.8 करोड़ रुपये मूल्य का हाइड्रोपोनिक गांजा, सोना और विदेशी मुद्रा जब्त

मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चार दिनों में 21.8 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का हाइड्रोपोनिक गांजा, विदेशी मुद्रा और सोना जब्त किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सीमा शुल्क विभाग ने 21 से 24 सितंबर के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर यह जब्ती की।

एक अधिकारी ने बताया कि कोलंबो (श्रीलंका) से आए एक यात्री को एक ट्रॉली बैग में छिपाए गए 2.624 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजे के साथ पकड़ा गया जिसकी कीमत लगभग 2.62 करोड़ रुपये है।

वहीं, बैंकॉक (थाईलैंड) से आए एक यात्री को 18.40 करोड़ रुपये मूल्य के 18.4 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। हाइड्रोपोनिक गांजा उस गांजे को कहते हैं जिसे मिट्टी की बजाय पोषक घोल वाले जल में, हाइड्रोपोनिक तकनीक से उगाया गया हो।

सीमा शुल्क अधिकारियों ने बिना जानकारी के ले जाई जा रही विदेशी मुद्रा के साथ तीन यात्रियों को भी पकड़ा। अधिकारी ने बताया कि दुबई जा रहे एक यात्री के पास 7.11 लाख रुपये की अघोषित विदेशी मुद्रा पकड़ी गई, जबकि उसी विमान में सवार एक अन्य यात्री के पास 49.38 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा पकड़ी गई।

उन्होंने बताया कि इसी तरह जकार्ता (इंडोनेशिया) जा रहे एक यात्री को 19.17 लाख रुपये के समतुल्य विदेशी मुद्रा के साथ पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने आव्रजन काउंटर के पास एक शौचालय से 365 ग्राम सोने के पाउडर से भरा एक पैकेट बरामद किया। इसकी कीमत 38.10 लाख रुपये है, जिसे सीमा शुल्क अधिनियम के तहत जब्त कर लिया गया।

# घरों में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

मुंबई - घाटकोपर पुलिस स्टेशन की सीमा में कई घरों में रात्रिकालीन चोरी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसका नाम सिद्धेश अभिमन्यु कांबले है और उसके पास से 50,000 रुपये की चोरी की संपत्ति बरामद की गई है शिकायतकर्ता का नाम अमित राजेश विश्वकर्मा है और वह घाटकोपर पश्चिम में नारायण नगर, राम मंदिर के पास, राम लखन चॉल में रहता है। यहां 20 सितंबर को चोरी हुई थी। पुलिस ने उसी दिन इस संबंध में मामला दर्ज किया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक अज्ञात चोर ने शिकायतकर्ता के बंद घर का दरवाजा खोला, घर में घुसा और घर में रखा एक लैपटॉप और मोबाइल फोन




चुरा लिया। इस संबंध में शिकायतकर्ता द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर घाटकोपर पुलिस ने सिद्धेश अभिमन्यु कांबले उर्फ ??भाया को गिरफ्तार कर लिया है। वह घाटकोपर के नारायण नगर में रहता है आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है। वह एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ डकैती, सेंधमारी, चोरी और मारपीट सहित औसतन 20 गंभीर अपराध दर्ज हैं। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त परिमंडल 7 राकेश ओला, सहायक पुलिस आयुक्त शैलेश पासलवर मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सतीश जाधव, देखरेख क्राइम पुलिस निरीक्षक दीपाली कुलकर्णी की टीम ने किया है।

# चोरी हुए माल समेत दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

मुंबई :जोगेश्वरी पुलिस ने 10 दिनों के अंदर चोरी हुए माल समेत हिस्ट्रीशीटर दो चोरों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार जोगेश्वरी पूर्व में 16 सितंबर को रास्ते से जा रहे एक व्यक्ति शिकायतकर्ता को बातों में उलझा कर 2 अज्ञात लोगों ने उनकी 2 अंगूठी चुरा ली। शिकायत ने जोगेश्वरी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराई उसके बाद पुलिस हरकत में आई। मात्र 10 दिनों के अंदर ही पुलिस ने दोनों आरोपियों रमेश जायसवाल और नीलेश घाग को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी हुई दोनों अंगूठी भी बरामद कर लिया गया है।

पूछताछ के दौरान पुलिस ने उक्त दोनों आरोपियों द्वारा 6 अन्य अपराधों पर



से भी पर्दा उठा दिया है। गिरफ्तार आरोपी रमेश के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में 81 आपराधिक मामले दर्ज हैं जबकि नीलेश के खिलाफ 5 आपराधिक मामले दर्ज हैं।


यह कार्रवाई अपर पुलिस आयुक्त परमजीत सिंह दहिया, पुलिस उपायुक्त परिमंडल 10 दत्ता नलावडे, सहायक पुलिस आयुक्त संपत राव पाटिल के निर्देशानुसार उक्त कार्रवाई जोगेश्वरी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक इकबाल शिकलगार की टीम क्राइम पुलिस निरीक्षक चारु भारती, सुदर्शन पाटिल, विनोद लाड , नागेश मिसाल, महादेव तोड़णकर, जैतपकर, कोलेकर,ने की है।

## सम्पादकीय

# जातिवाद पर प्रतिबंध योगी सरकार का ऐतिहासिक कदम

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम उठाया है। उन्होंने समाज में जाति आधारित विद्वेष को ही नहीं बल्कि विभेद को भी समाप्त करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए सद्भाव के साथ सबके विकास को बल देने का सूझबूझभरा फैसला लिया है। इस फैसले के अन्तर्गत उन्होंने जाति-आधारित रैलियों, सार्वजनिक प्रदर्शनों और पुलिस रिकॉर्ड में जाति संबंधी उल्लेखों पर रोक लगा दी है। यह निर्णय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद लिया गया, लेकिन इसका वास्तविक महत्व इससे कहीं अधिक है। यह केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं बल्कि समाज को जातिगत बंधनों से मुक्त करने की दिशा में क्रांतिकारी प्रयास है। राजनीतिक दलों ने जाति आधारित वोटों को लुभाने एवं राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने के लिये समाज को बांटा है। यह गौर करने की बात है कि जाति आधारित संगठनों और रैलियों की बाढ़ आ गई है, जिससे एक-एक जाति के अनेक संगठन बने और इन जातिगत संगठनों ने सड़कों पर उतर कर न केवल सार्वजनिक व्यवस्था, इंसान-इंसान के बीच दूरियां-विद्वेष बढ़ा दिया बल्कि राष्ट्रीय एकता को भी क्षत-विक्षत कर दिया।

भारतीय समाज में जातिवाद की जड़ें गहरी हैं। जाति व्यवस्था ने कभी सामाजिक पहचान और श्रम विभाजन का आधार बनकर काम किया, लेकिन समय के साथ यह भेदभाव, असमानता और सामाजिक विद्वेष का कारण बन गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था- 'जातिवाद समाज की आत्मा को खोखला करता है।' डॉ. भीमराव आंबेडकर ने तो इसे भारतीय प्रगति की सबसे बड़ी बाधा बताया था। दुर्भाग्य से आज़ादी के बाद भी जातिवाद ने राजनीति और समाज दोनों में गहरी पैठ बनाई और देश की एकता को कमजोर करने का काम किया। जाति-आधारित राजनीति ने सत्ता के समीकरण तो बदले लेकिन समाज को बांटने का काम किया। चुनाव के समय उम्मीदवारों का चयन जातिगत समीकरणों के आधार पर होता रहा। समाज के बंटवारे का यह खेल लोकतंत्र के स्वस्थ आदर्शों के लिए चुनौती बना। जातिगत रैलियां और प्रदर्शन सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करते रहे। पुलिस रिकॉर्ड में जाति का उल्लेख अपराधी को अपराधी नहीं बल्कि किसी जाति का प्रतिनिधि बना देता था, जिससे कानून-व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ता



था। इन जटिल स्थितियों में योगी सरकार का यह निर्णय विषमताओं एवं विसंगतियों को समाप्त करने की दिशा में एक नया अध्याय है। यदि इसे सख्ती और ईमानदारी से लागू किया गया तो निश्चित ही समाज में सौहार्द, भाईचारा और समानता का वातावरण बनेगा। जाति-आधारित पहचान की जगह व्यक्ति की योग्यता, आचरण और योगदान को महत्व मिलेगा।

किसी जाति के प्रति लगाव दर्शाने के लिए किसी अन्य जाति को नीचा दिखाने की भी गलत परंपरा पड़ती दिख रही है। जाति आधारित पोस्टर या प्रतीक न केवल गलियों में, मकानों पर बल्कि अपने वाहनों पर भी लगाए जा रहे हैं। ऐसे में, परस्पर भेद, ऊंच-नीच की भावना बढ़ती जा रही है। ऐसे भेद को मिटाने की मांग उठती रही है। समाज के लिए चिंतित रहने वाले लोग यही चाहते हैं कि जातिगत झंडों और पोस्टरों पर एक हद तक लगाम लगनी चाहिए, लेकिन ऐसा साहस राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब तक किसी भी राजनेता ने नहीं दिखाया, लेकिन योगी सरकार ने यह साहस दिखाया है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। योगी सरकार द्वारा जारी 10 सूत्रीय दिशा-निर्देश में यह बात विशेष रूप से गौर करने लायक है कि अब जाति के नाम, नारे या स्टिकर वाले वाहनों का केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत चालान किया जाएगा। यहां तक कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में भी जाति को दर्शाने से बचा जाएगा। अभी तक होता यह है कि अपराधी जाति के आधार पर अपनी पहचान बना लेते हैं और मजबूत हो जाते हैं।

यह बहुत अफसोस की बात है कि विशेष रूप से चुनाव के समय जाति आधारित बैनरों की बाढ़ आ जाती है। राजनीतिक दल एवं नेता जातिगत समीकरणों से समाज को बांटने में जुट जाते हैं। लेकिन अब यूपी सरकार की मंशा सराहनीय है और इन दिशा-निर्देशों को पूरी तरह से लागू करने की जरूरत है। वाकई समाज से अपराध को मिटाने के लिए अपराधी की जाति देखना गैर-वाजिब है। हां, यह सावधानीपूर्वक कुछ मामलों में जाति का उल्लेख करने की छूट दी गई है। जैसे, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामलों में जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल होता रहेगा। वाकई, कुछ मामले ऐसे होते हैं, जहां जाति की चिंता या उल्लेख जरूरी हो जाता है। यह भूलना नहीं चाहिए कि जाति आधारित भेदभाव अभी भी कई जगहों पर देखने को मिल जाता है। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भेदभाव की शिकायतें अक्सर आती हैं, ऐसे में, प्रशासन को ज्यादा सजग रहना पड़ेगा। निर्देश जारी हो जाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि जातिगत भेदभाव के बिंदुओं को खोज-खोजकर मिटाने की ईमानदार पहल भी जरूरी है। सामाजिक चिंतक विनोबा भावे कहा करते थे 'जाति का भेद मिटेगा तो समाज में भाईचारा और सहयोग की भावना पनपेगी।' वास्तव में जातिवाद केवल सामाजिक समस्या नहीं बल्कि मानसिकता का रोग है। जब तक समाज इसे स्वीकार करता रहेगा, तब तक सच्चा विकास संभव नहीं।

# संवादहीनताः परिवार और समाज के लिए एक चुनौती

## 'मौन का प्रभावः परिवार और समाज पर संवादहीनता का बोझ'

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**आज की व्यस्त और डिजिटल दुनिया में, संवादहीनता परिवारों और समाज के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। संवादहीनता भावनात्मक दूरी, गलतफहमियों और मानसिक तनाव को बढ़ाती है। परिवारों में बच्चे और वयस्क एक-दूसरे की भावनाओं को साझा नहीं कर पाते, जबकि समाज में सहयोग और सामूहिक प्रयास कमज़ोर होते हैं। इसका समाधान नियमित संवाद, साझा गतिविधियाँ, सकारात्मक श्रवण और डिजिटल सीमाएँ निर्धारित करने में निहित है। संवाद केवल बातचीत नहीं है, बल्कि विश्वास, समझ और रिश्तों की नींव है। इसे प्राथमिकता देकर, हम परिवारों और समाजों को मज़बूत और भावनात्मक रूप से स्वस्थ बना सकते हैं।**

आज का समय तेज़ी से बदल रहा है। तकनीकी प्रगति और व्यस्त जीवनशैली ने हमारे जीवन को और अधिक सुविधाजनक बना दिया है, लेकिन इसने एक गंभीर समस्या को भी जन्म दिया हैः संवादहीनता। संवादहीनता का अर्थ है संवाद और विचारों के आदान-प्रदान का अभाव। यह केवल शब्दों की कमी नहीं है, बल्कि एक ऐसी स्थिति है जिसमें लोग अपनी भावनाओं, समस्याओं और अनुभवों को साझा करने में असमर्थ होते हैं। इसका परिवार, दोस्ती और समाज पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

परिवार जीवन की नींव है, जहाँ बच्चे और बड़े अनुभव साझा करते हैं और आपसी समझ विकसित करते हैं। हालाँकि, आज की व्यस्त ज़िंदगी, डिजिटल उपकरणों के बढ़ते इस्तेमाल और पीढ़ियों के अंतर ने पारिवारिक संवाद को कमज़ोर कर दिया है। माता-पिता काम और ज़िम्मेदारियों में इतने व्यस्त रहते हैं कि बच्चों के साथ समय बिताना मुश्किल हो जाता है। वहीं, बच्चे स्कूल, कोचिंग और मोबाइल फ़ोन की दुनिया में व्यस्त रहते हैं। नतीजतन, घर पर खुलकर बातचीत करना कम होता जा रहा है।

डिजिटल दुनिया ने ज़िंदगी आसान तो कर दी है, लेकिन इसके कुछ नुकसान भी हैं। स्मार्टफ़ोन, टेलीविज़न और सोशल मीडिया ने परिवार के सदस्यों को एक-दूसरे से दूर कर दिया है। छोटे सदस्य इन माध्यमों पर ज़्यादा समय बिताते हैं और आमने-सामने बातचीत कम हो जाती है। ऐसी बातचीत अक्सर सतही हो जाती है और भावनाओं की गहराई को व्यक्त नहीं कर पाती।

पीढ़ीगत अंतर भी संवाद में बाधा डालते हैं। बड़े लोग अनुभव और परंपरा पर भरोसा करते हैं, जबकि छोटे लोग आधुनिक दृष्टिकोण और स्वतंत्रता की



ओर ज़्यादा झुकाव रखते हैं। यह अंतर कभी-कभी परिवार में ग़लतफ़हमी और मतभेद का कारण बनता है। छोटी-मोटी असहमति या आलोचना भी भावनात्मक दूरी बढ़ा सकती है और परिवार में मानसिक तनाव पैदा कर सकती है।

संचार की कमी सिर्फ़ परिवार तक ही सीमित नहीं है। समाज में भी लोग अपनी राय, शिकायतें या सुझाव साझा नहीं करते। इससे सहयोग और सामूहिक प्रयास कमज़ोर होते हैं और ग़लतफ़हमियाँ बढ़ती हैं। उदाहरण के लिए, अगर पड़ोस की स्वच्छता या सुरक्षा संबंधी समस्या साझा नहीं की जाती, तो समाधान मुश्किल हो जाते हैं और टकराव पैदा हो सकता है।

संचार की इस कमी के कई कारण हैं। व्यस्त जीवनशैली, डिजिटल उपकरणों का अत्यधिक उपयोग, डर या शर्म, मानसिक तनाव, सामाजिक दूरी और पीढ़ियों का अंतर–ये सभी लोगों को खुलकर संवाद करने से रोकते हैं। इसके नकारात्मक प्रभाव व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर महसूस किए जाते हैं। व्यक्तियों में अकेलापन और मानसिक तनाव बढ़ता है और आत्मविश्वास कम होता है। परिवार के सदस्यों में विश्वास और समझ की कमी होती है। समाज में सहयोग और सामूहिक प्रयास कम होते जाते हैं।

इस समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं। पहला, नियमित बातचीत का समय निर्धारित करना ज़रूरी है। भोजन, चाय या सप्ताहांत पर पारिवारिक बातचीत को प्राथमिकता दें। दूसरा, सुनने और समझने की आदत बेहद ज़रूरी है। आलोचना से बचना और एक-दूसरे की बात ध्यान से सुनना और समझना, संवाद को बेहतर बनाता है। तीसरा, साझा गतिविधियों के महत्व पर विचार करें। परिवार और दोस्तों को खेल, यात्रा, शौक या सामाजिक गतिविधियों में शामिल करने से स्वाभाविक रूप से संवाद को बढ़ावा मिलता है।

डिजिटल उपकरणों का संयमित उपयोग भी आवश्यक है। मोबाइल फ़ोन और टेलीविज़न से समय निकालकर आमने-सामने बातचीत को प्राथमिकता देनी चाहिए। अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करना भी ज़रूरी है। डर या शर्म के कारण भावनाओं को दबाने से संवाद और कमज़ोर हो जाता है। बच्चों को भी अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

संक्षेप में, संवाद जीवन का आधार है, जो रिश्तों, विश्वास और सहयोग को मज़बूत करता है। संवाद की कमी सिर्फ़ संवाद की कमी नहीं है, बल्कि एक गंभीर समस्या है जो परिवारों और समाज की संरचना को प्रभावित करती है। इसे जल्दी पहचानना और उसका समाधान करना ज़रूरी है। खुला संवाद, सकारात्मक सुनना और साझा गतिविधियाँ न केवल परिवारों और समाज को मज़बूत बनाती हैं, बल्कि व्यक्तिगत विकास और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी ज़रूरी हैं।

आज की चुनौती हमारे व्यस्त कार्यक्रम, डिजिटल उपकरणों और पीढ़ियों के अंतर के बावजूद, संवाद को प्राथमिकता देना है। संवाद ही हमें करीब लाता है, समझ को गहरा करता है और समाज में सामूहिक सहयोग को बढ़ावा देता है। परिवार और समाज तभी मज़बूत रह सकते हैं जब संवाद मौजूद हो और उसे बढ़ावा दिया जाए। यह हमारी सबसे बड़ी ज़रूरत और ज़रूरत है।

# मानसिक विक्षिप्तता का मतलब है इंसानों से दूरी, कुत्तों से नज़दीकी

डॉ. सत्यवान सौरभ

हम ऐसे ज़माने में जी रहे हैं जहाँ लोग अपनी माँओं को वृद्धाश्रम में छोड़ देते हैं, लेकिन कुत्तों के लिए मखमली बिस्तर खरीदते हैं। जहाँ बच्चों की फ़ीस भरना मुश्किल है, लेकिन पालतू जानवर की सालगिरह की पार्टी देना 'प्यारा' माना जाता है। यह वो ज़माना है जहाँ करुणा की दिशा बदली है, विस्तार नहीं। पशु-पक्षियों से प्रेम करना बुरा नहीं है, लेकिन जब यही प्रेम इंसानों से दूरी और उपेक्षा में बदल जाए, तो यह मानसिक संतुलन की नहीं, बल्कि मानसिक उलझन की निशानी है।

आजकल लोग कहते हैं कि कुत्ते सबसे वफ़ादार होते हैं। सच है, लेकिन क्या हमें वफ़ादारी इतनी बड़ी कर देनी चाहिए कि माता-पिता, भाई-बहन, बुज़ुर्ग पड़ोसी और ज़रूरतमंद समाज, सब गौण हो जाएँ? वफ़ादारी के नाम पर मानवता की अवहेलना कहाँ तक जायज़ है? यह सवाल आज की आधुनिकता को परेशान कर रहा है।

इंसानों से अपेक्षाएँ, सवाल और ज़िम्मेदारी की माँग होती है। वहीं दूसरी ओर, कुत्ते, बिल्लियाँ, तोते और खरगोश बिना कुछ माँगे सिर्फ़ स्नेह लेते हैं। यही वजह है कि लोग अब उन जीवों की ओर ज़्यादा आकर्षित हो रहे हैं जिनकी कोई सामाजिक ज़िम्मेदारियाँ नहीं हैं। यह करुणा नहीं, बल्कि सुविधा-आधारित प्रेम है।

एक तरफ़ लोग कुत्तों के लिए जन्मदिन का केक मँगवाते हैं, उन्हें कार की अगली सीट पर बिठाते हैं और महंगे कपड़े पहनाते हैं, वहीं दूसरी तरफ़ अगर किसी गरीब बच्चे के कपड़े गंदे हो जाएँ तो वे नाराज़ हो जाते हैं। अगर उन्हें कोई घायल पक्षी मिल जाए, तो उसकी तस्वीर खींचकर करुणा प्रकट करते हैं, लेकिन सड़क किनारे भूख से बिलखते किसी मज़दूर को वे 'व्यवस्था की समस्या'



समझते हैं। यह कैसी करुणा है जो बेगुनाहों के लिए तो है, लेकिन ज़रूरतमंद इंसानों के लिए नहीं?

बाज़ार ने इस चलन को भाँप लिया है। अब कुत्तों के लिए बाथरूम, बिल्लियों के लिए केक और खरगोशों के लिए खिलौने उपलब्ध हैं। यह करोड़ों का उद्योग बन गया है। मीडिया भी इस 'करुणा-प्रेम' को बढ़ावा देता है। जो जानवरों के लिए भावुक है, वह सभ्य है। जो इंसानों के लिए भावुक है, उसे मूर्ख कहा जाता है। यह सहानुभूति का नया वैश्विक रूप है, जिसमें भावनाएँ नहीं, बल्कि 'ठंडक' बिकती है।

आज के समाज में एक नई बीमारी पनप रही है - मानसिक रेबीज़। जिस तरह रेबीज़ होने पर कुत्ता पागल हो जाता है और काटने लगता है, उसी तरह यह सामाजिक रेबीज़ लोगों को अपने जैसे ही साथी इंसानों को काटने, तिरस्कार करने और नज़रअंदाज़ करने पर मजबूर कर रहा है। यह बीमारी प्यार का मुखौटा पहनकर फैल रही है। यह बीमारी कहती है कि इंसानों से प्यार करना खतरनाक काम है, लेकिन जानवरों से प्यार करना सुरक्षित और प्रतिष्ठित है।

यह भी देखा गया है कि कई लोग अपनी अधूरी भावनाओं को जानवरों और पक्षियों पर थोपते हैं। जिन्हें बचपन में स्नेह नहीं मिला, वे कुत्तों को अपना बेटा कहने लगते हैं। जिनके रिश्ते टूट गए, वे बिल्लियों को अपना जीवनसाथी मानने लगते हैं। यह प्यार नहीं, बल्कि भावनात्मक पलायन है। यह उस सच्चाई से बचने की कोशिश है जो आईना दिखाता है। जानवर आईना नहीं दिखाते, इसलिए अब आदर्श बनते जा रहे हैं।

इस चलन की सबसे बड़ी समस्या यह है कि प्राथमिकताएँ विकृत हो गई हैं। अब हम जानवरों को तो गोद लेते हैं, लेकिन अनाथों को नहीं। हम पक्षियों को खाना खिलाते हैं, लेकिन पड़ोसी की विधवा के लिए एक रोटी भी नहीं छोड़ते। हम कुत्ते के बाल कटवाने के लिए हज़ार रुपये देते हैं, लेकिन किसी गरीब की दवा के लिए दस रुपये खर्च करने से हिचकिचाते हैं।

यह मानसिकता समाज को संवेदनहीन बना रही है। सहानुभूति वह है जो बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए हो - मनुष्यों और जानवरों दोनों के लिए। लेकिन जब यह केवल जानवरों तक ही सीमित हो जाती है, तो यह सहानुभूति नहीं, बल्कि दिखावा बन जाती है।

मनुष्य परस्पर सहयोग, स्नेह और सह-अस्तित्व से समाज का निर्माण करते हैं। अगर हम एक-दूसरे से घृणा करने लगें, तो यह सभ्यता नहीं, बल्कि आत्महत्या है। पशु प्रेम आवश्यक है, लेकिन मानवता को कुचलने की कीमत पर नहीं। अगर कोई कुत्ते से प्रेम करता है, तो यह सराहनीय है, लेकिन केवल तब तक जब तक वह अपनी माँ की दवा, पिता की देखभाल और पड़ोसी की मदद को न भूले।

इस विषय का सबसे विडंबनापूर्ण पहलू यह है कि शिक्षा, समझ और समृद्धि के साथ यह प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। आज भी एक गरीब आदमी अपनी रोटी आधी काटकर अपने मेहमान को खिला देता है, लेकिन धनी वर्ग अब मनुष्यों को नहीं, बल्कि जानवरों को अपनाने में गर्व महसूस करता है।

इसका एक ही उपाय है - संतुलन। हमें पशु-पक्षियों से प्रेम करना चाहिए, लेकिन मनुष्यों से दूरी बनाकर नहीं। करुणा एक सहज प्रवृत्ति है, इसे किसी वर्ग विशेष तक सीमित नहीं किया जा सकता। जिस दिन हम यह समझ जाएँगे कि हर जीव, हर प्राणी और हर इंसान अपने-अपने स्तर पर हमारे प्यार और मदद का हक़दार है, उसी दिन यह मानसिक उन्माद खत्म हो जाएगा। एक समाज तब स्वस्थ होता है जब पक्षियों के लिए दाना हो, कुत्तों के लिए बिस्कुट हों और बुज़ुर्गों को सहारा हो। जब घर में चिड़ियाँ चहचहाएँ और आँगन में बुज़ुर्ग मुस्कुराएँ। जब बिल्लियाँ गोद में हों और बच्चे स्कूल में हों।

प्यार का असली रूप वह है जो हर जीवन को महत्व देता है। अगर आपकी करुणा सिर्फ़ पूँछ हिलाने वालों के लिए है, आँखों में आँसू लिए भूखे बच्चे के लिए नहीं, तो वह प्यार नहीं, दिखावा है। कुत्ते वफ़ादार होते हैं, लेकिन माता-पिता जितने वफ़ादार नहीं। पक्षियों को पालना अच्छी बात है, लेकिन बच्चों को सिखाना ज़रूरी है। हर प्राणी के लिए एक जगह होनी चाहिए - लेकिन इंसानों की क़ीमत पर नहीं।

# खुद को कानून से ऊपर मानने लगे थे सोनम वांगचुक, दिलचस्प है एक समाजसेवी की आंदोलनजीवी बनने तक की यात्रा

लद्दाख, अपनी शांत और सौम्य संस्कृति के लिए पहचाना जाता है, लेकिन वहां अशांति और असंतोष पनपाने की कोशिश की गयी। इस परिदृश्य के केंद्र में हैं सोनम वांगचुक। यह वही नाम है जो कभी शिक्षा सुधार और पर्यावरणीय नवाचार का प्रतीक था, पर आज शांति और व्यवस्था के लिए खतरे के रूप में देखा जा रहा है।

हम आपको बता दें कि सोनम वांगचुक की प्रारंभिक छवि प्रेरक रही है। SECMOL के माध्यम से उन्होंने शिक्षा को लद्दाख की स्थानीय आवश्यकताओं से जोड़ा और आइस स्तूपा जैसी तकनीक ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। लेकिन 2019 के बाद, जब लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा मिला, उनका रुख धीरे-धीरे बदलने लगा। जो व्यक्ति पहले नई दिल्ली का समर्थक माना जाता था, वही अब सत्ता के खिलाफ मोर्चा खोलने लगा।

सोनम वांगचुक ने लद्दाख की नाजुक पारिस्थितिकी के नाम पर बार-बार अनशन और आंदोलन किए। परंतु यह भी तथ्य है कि उनके आंदोलनों ने स्थानीय युवाओं में असंतोष को हवा दी। हाल ही में हुई हिंसा में चार निर्दोष जानें गईं, सैकड़ों घायल हुए और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचा। यह सब तब हुआ जब वांगचुक उपवास पर थे और उन्होंने कई बार 'उकसाने वाले' बयान दिए। सवाल यह उठता है कि यदि आंदोलन केवल शांतिपूर्ण था, तो यह हिंसा क्यों और कैसे हुई?

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि सोनम वांगचुक के एनजीओ SECMOL और हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स पर विदेशी धन के दुरुपयोग के आरोप



लगे हैं। केंद्र सरकार ने उनके एनजीओ का FCRA लाइसेंस रद्द किया और CBI जांच शुरू की। यह तथ्य इस बात की ओर संकेत करता है कि उनके अभियानों को बाहरी शक्तियों से भी समर्थन मिल रहा था। जब राष्ट्रविरोधी तत्व देश की सीमाओं और संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर गड़ाए हुए हों, तब इस तरह की विदेशी फंडिंग और संदिग्ध गतिविधियाँ गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा प्रश्न खड़े करती हैं।

देखा जाये तो लद्दाख का भौगोलिक महत्व किसी से छिपा नहीं। चीन और पाकिस्तान से घिरी इस संवेदनशील भूमि में किसी भी तरह की अस्थिरता सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करती है। ऐसे में यदि कोई नेता युवाओं को भड़काए, सरकारी संस्थानों पर हमला करवाए और हिंसा के बाद खुद को 'शांति दूत' बताने लगे, तो उसकी मंशा पर संदेह स्वाभाविक है। सोनम वांगचुक का यह कहना कि 'जेल में बंद वांगचुक, आज़ाद वांगचुक से ज्यादा खतरनाक होगा' दरअसल उनकी उसी मानसिकता को दर्शाता है जिसमें वह खुद को कानून से ऊपर मानने लगे थे। लोकतंत्र में असहमति का अधिकार है, परंतु जब असहमति हिंसा, विदेशी प्रभाव और संवैधानिक संस्थाओं को चुनौती देने का माध्यम बन जाए, तब उसे बर्दाश्त करना देशहित के खिलाफ होगा।

हम आपको यह भी बता दें कि कुछ राजनीतिक नेताओं ने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर आलोचना की है, परंतु यह बयानबाजी भी राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित लगती है। वास्तविकता यह है कि केंद्र ने कई दौर की बातचीत का प्रस्ताव रखा था, लेकिन आंदोलनकारी समूह बार-बार शर्तें बदलते रहे। हिंसा के बाद यह साफ हो गया कि मामला केवल 'छठी अनुसूची' या 'राज्य का दर्जा' भर का नहीं, बल्कि व्यापक राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने की रणनीति है।

देखा जाये तो सोनम वांगचुक की कहानी एक चेतावनी है कि कैसे एक समय का नवोन्मेषक और समाजसेवी धीरे-धीरे राजनीतिक महत्वाकांक्षा और विदेशी प्रभाव के चलते व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकता है। लद्दाख की जनता को यह समझना होगा कि असली समाधान हिंसा और विदेशी फंडिंग से नहीं, बल्कि संवाद और संवैधानिक ढांचे के भीतर ही संभव है। आज जब लद्दाख की धरती पर शांति सबसे बड़ी आवश्यकता है, तो किसी भी व्यक्ति, चाहे उसकी पिछली छवि कितनी भी उज्ज्वल क्यों न रही हो, उसको कानून से ऊपर मानना राष्ट्र और क्षेत्र दोनों के लिए हानिकारक होगा। सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी इसी व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा दृष्टिकोण का हिस्सा है। हम आपको यह भी बता दें कि सोनम वांगचुक को राजस्थान के जोधपुर कारागार में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# 20 वर्षों में बिहार ने बुना ग्रामीण सड़कों का मजबूत नेटवर्क

ग्रामीण सड़कें सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलता है। पिछले 20 वर्षों में बिहार ने ग्रामीण सड़कों के निर्माण में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिससे न केवल राज्य के सुदूर गांवों से शहरों की दूरी कम हुई है, बल्कि ग्रामीण सड़कों ने गांव से गांवों की दूरी भी मिटा दी है।

पिछले 20 वर्षों में राज्यभर में कुल एक लाख, 19 हजार किलोमीटर से भी अधिक सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है।विगत दो दशकों में राज्य में कुल ग्रामीण सड़कों का नेटवर्क 8,000 कि.मी. से बढ़कर 1,19,000 कि.मी. से भी अधिक हो गया है। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा पिछले 20 वर्षों में 2,560 पुलों का भी निर्माण कराया है। जो राज्य की 1 लाख, 20 हजार से भी अधिक ग्रामीण बसावटों को बारहमासी सड़क संपर्कता उपलब्ध करा रही हैं। जिससे राज्य के ग्रामीण इलाकों अब हर मौसम में यातायात व्यवस्था को सुगमता प्रदान हुई है। इस 'सड़क क्रांति' ने राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ ग्रामीण संपर्क में भी सुधार किया है। जिससे बिहार की ग्रामीण आबादी को शिक्षा, स्वास्थ्य और अपने रोजगार तक पहुंचने का एक सुगम मार्ग भी उपलब्ध कराया जा सका है।

ग्रामीण कार्य विभाग के अनुसार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति-2018 के तहत राज्यभर में कुल 36,894 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का अनुरक्षण भी सफलतापूर्वक किया गया है। विभाग के अनुसार फिलहाल राज्य में 12,500 ग्रामीण सड़कों के निर्माण का काम प्रगति पर है। साथ ही, 1,791 ग्रामीण पुलों के निर्माणकार्य को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है।

बिहार के ग्रामीण इलाकों में सड़कों का यह जाल, ग्रामीण आबादी को यातायात के सुगम साधन से जोड़ रहा है तथा गांवों के उद्योगों को भी शहरों के बाजार से जोड़ रहा है। आज सड़कों के नेटवर्क से किसानों को उनके उत्पाद का सही मूल्य मिलने लगा है। इन अभूतपूर्व बदलाव से राज्य में प्रति व्यक्ति आय में 700 प्रतिशत से भी अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि बिहार में गांवों के बारहमासी सड़कों से जुड़ने की वजह से सम्भव हो पाया है। इन सड़कों के निर्माण का सकारात्मक परिणाम यह भी है कि राज्य में नये उद्योगों की स्थापना, पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के आने की संख्या में लगातार वृद्धि के साथ-साथ व्यापार को भी बढ़ावा मिला है।

**सड़क दुर्घटना में मुआवजा देने में बिहार देश में पहले स्थान पर**

बिहार का सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए या मारे गए लोगों को मुआवजा देने में देश में पहला स्थान है। मोटर दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा देने की योजना के अंतर्गत गंभीर चोट लगने पर 50 हजार और मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये देने का प्रावधान है। इसके तहत जनरल इंश्योरेंस काउंसिल (जीआईसी) के पास हिट एंड रन से जुड़े 9 हजार 80 मामले अंतिम अनुमति के लिए भेजे गए हैं, ताकि इन्हें मुआवजा दिलाया जा सके। इसमें अब तक 5 हजार 830 मामलों में पीड़ितों को मुआवजा दिया गया है। यह जानकारी एडीजी (ट्रैफिक) सुधांशु कुमार ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एडीजी ने कहा कि पिछले डेढ़ से दो साल में 1626 मामलों में 84 करोड़ 19 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है। सड़क दुर्घटना से जुड़े मामलों का समय पर निपटारा करने के लिए 10 जिलों पटना, सारण, पूर्णिया, गयाजी, डेहरी, सहरसा, मुंगेर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर और भागलपुर में एमएसीटी (मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण) का गठन किया गया है। इसमें 6 महीने, 9 महीने और अधिकतम 12 महीने में मामलों का निपटारा पूरा करने का प्रावधान किया गया है।

### छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर, मा प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतित्व से ली सीख

# सूचना विभाग की प्रदर्शनी में सेवा पखवाड़ा,मिशन शक्ति फेज 5,विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की दिखी त्रिवेणी

## प्रदर्शनी में लगी विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों,उपलब्धियों से जनपदवासी हो रहे हैं जागरूक व संतृप्त

भदोही। मा.प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन विषयक सेवा पखवाड़ा एवं मिशन शक्ति फेज 5 को समाहित सूचना जनसंपर्क विभाग द्वारा जीआईसी मैदान में लगाई गई प्रदर्शनी में जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार द्वारा छात्राओं व जनमानस को अवलोकन कराते हुए मा. प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व व कृतित्व सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से परिचित कराया गया।

प्रदर्शनी में छात्राओं ने माननीय प्रधानमंत्री के जीवन आधारित विभिन्न प्रसंगों को आत्मसात कर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त की । विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्पडेस्क ,एंटी रोमियो स्क्वाड ,महिला साइबर सेल आदि योजना के बारे में जानकारी प्राप्त कर बालिकाएं आत्मविश्वास से लबरेज दिखी।

जिला सूचना अधिकारी ने जनपद वासियों से अपील किया कि जीआईसी मैदान में लगी प्रदर्शनी में आकर शासन




की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियां नीतियों की जानकारी प्राप्त कर योजनाओं से संतृप्त हो।

इस अवसर पर छात्राओं व जनमानस द्वारा विकसित उत्तर प्रदेश 2047 हेतु मांगे गए सुझाव के क्रम में अपने मोबाइल से, दिए गए क्यू आर कोड को स्कैन कर अपने सपनों के उत्तर प्रदेश हेतु अपने सोच, सुझाव व सलाह को ऑनलाइन सबमिट किया।

बालिकाओं ने प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व व कृतित्व से सीख लेकर मैदान परिसर में साफ सफाई कर सेवा पखवाड़ा को साकार किया। सेवा के विभिन्न आयामों व भावों पर भी विचार पूर्वक बल दिया गया।

मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व योजनाओं के प्रति सशक्त किया गया। बेटियां है देश की शान उनके शिक्षा और स्वास्थ्य का रखें पूरा ध्यान। महिला केंद्रित विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड लाइन ,181 महिला हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन आदि नंबरों को छात्रों को नोट कराया गया तथा उन्हें मार्गदर्शित किया गया कि जीवन के किसी भी राह पर हिंसक या गलत घटना की संभावना दिखे तो तत्काल संबंधित टोल फ्री नंबर पर अवगत कराएं। सरकार व प्रशासन तत्काल समस्या का निवारण, समाधान सुनिश्चित करेगी।

कार्यक्रम में डीआईओएस अंशुमान, डीआईओ डॉ पंकज कुमार, जीआईसी प्रिंसिपल आलोक कुमार, आकाश कुमार सहित अन्य शिक्षक,जनमानस उपस्थित रहे।

## पत्रकार रामनरेश यादव की माता का निधन, पत्रकार जगत में शोक की लहर

थरवई (प्रयागराज)। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ से जुड़े पत्रकार रामनरेश यादव की माता कलुई देवी (85 वर्ष), पत्नी स्वर्गीय भगवती दीन यादव, निवासी करुआडीह (फूलपुर) का शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे निधन



हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। स्व. कलुई देवी सरल, मिलनसार और धर्मपरायण स्वभाव की थीं। उनके निधन से क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए थरवई स्थित जिला कार्यालय में पत्रकारों ने शोकसभा आयोजित की। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर मृतका की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।शोकसभा का आयोजन भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर भगवान प्रसादउपाध्याय एवं जिला अध्यक्ष श्याम कृष्णा पिंटू शुक्ला के नेतृत्व में किया गया शोक सभामें प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार बी.डी. शुक्ला, सज्जन द्विवेदी, राजन तिवारी, हनुमान प्रसाद शुक्ला उमेश तिवारी शिवम नंदन त्रिपाठी, अशोक कुमार मिश्रा, अरुण कुमार शर्मा, वीरेंद्र, बिंदु गुप्ता, मो गुलफाम कमलेश विश्वकर्मा, बृजेश आनंद, के के यादव। कृष्णमोहन मौर्य, कमल राज साहू सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।पत्रकार बंधुओं ने इस दुखद घड़ी में रामनरेश यादव व उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## भदोही मे दो बाइक की आमने सामने की टक्कर मे दो घायल, एक की मौत

भदोही। गोपोगंज थाना क्षेत्र के सुजातपुर मे शुक्रवार की शाम को दो बाइक की आमने सामने की टक्कर मे दो किशोर घायल एक और युवक की ईलाज के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बेरासपुर निवासी ओम निषाद (17) और कमलेश निषाद (16) पेट्रोल पंप से डीज़ल लेकर बाइक से बेरासपुर जा रहे थे। इसी बीच केदारपुर निवासी धीरज गौतम (26) अपने पिता हीरालाल के साथ बाइक से कौलापुर के



तरफ जा रहे थे। दोनों मोटर साइकिल मे जोरदार भिड़ंत हो गई। जहां पर दोनों मोटर साइकिल सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस की सहायता से उन्हें सीएचसी गोपीगंज भेजवाया, जहां से उनको निजी हॉस्पिटल मे ईलाज के लिए भेज दिया। ईलाज के दौरान केदारपुर निवासी धीरज की मौत हो गई। धीरज के मौत के बाद परिजनों मे कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। धीरज मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था, धीरज को दो लड़कियां है। धीरज का पिता हीरालाल ढ़ोल बजाते है। वह चार भाइयों मे दूसरे नबर पर था। धीरज के मौत के बाद गांव मे कोहराम मच गया है।

# दुर्गा पूजा विसर्जन की तैयारियों को लेकर विधायक औराई,डीएम ,एसपी द्वारा किया गया स्थलीय निरीक्षण

भदोही। दुर्गा पूजा के अवसर पर विसर्जन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा विभिन्न विसर्जन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।


निरीक्षण के दौरान अधिकारीगण ने विशेष रूप से सिंहपुर नहर, चकवा महावीर मंदिर, उगापुर, तथा जद्दूपुर नहर जैसे प्रमुख विसर्जन स्थलों की मौजूदा भौतिक स्थिति, जल स्तर, जनसुरक्षा प्रबंध, यातायात व्यवस्था, रोशनी, साफ-सफाई तथा गोताखोर/एनडीआरएफ की उपस्थिति आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की। सुरक्षा व्यवस्थाः सभी विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, महिला पुलिस, होमगार्ड एवं पीएसी की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जल पुलिस एवं गोताखोरः किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु जल पुलिस एवं प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती अनिवार्य



रूप से की जाएगी।।प्रकाश व्यवस्थाः रात्रिकालीन विसर्जन को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था करने के निर्देश नगर पंचायत व विद्युत विभाग को दिए गए।स्वास्थ्य व प्राथमिक चिकित्साः प्राथमिक उपचार हेतु एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया।यातायात व्यवस्थाः भीड़ नियंत्रण एवं ट्रैफिक डायवर्जन की स्पष्ट योजना बनाई जा रही है, जिससे विसर्जन के समय किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।स्वच्छता एवं कूड़ा निस्तारणः विसर्जन उपरांत घाटों की साफ-सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश सफाई विभाग को दिए गए सीसीटीवी व निगरानीः प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सतत निगरानी की जाएगी।समन्वय समितिः प्रत्येक विसर्जन स्थल पर एक नोडल अधिकारी की तैनाती की जाएगी, जो आयोजकों, स्थानीय नागरिकों एवं प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करेंगे।

विधायक दीनानाथ भास्कर ने इस अवसर पर कहा कि, 'दुर्गा पूजा हमारी संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। विसर्जन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्वक संपन्न कराने हेतु प्रशासन पूरी तरह तत्पर है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी संवेदनशील दृष्टिकोण रखते हुए सतर्कता से ड्यूटी निभाएं और श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

## थाना समाधान दिवस सुरियावा




भदोही/ सुरियावां 27 सितंबर 2025 शनिवार को शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे थाना समाधान दिवस के अंतर्गत भदोही जनपद के सुरियावा कोतवाली परिसर में अपर जिला अधिकारी भदोही एवं प्रभारी निरीक्षक सुरियावा अजीत कुमार श्रीवास्तव द्वारा क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें टोटल 10 मामले आए जो के की इच्छा मामले राजस्व से संबंधित तथा चार मामले पुलिस से संबंधित थे मामले को सुनकर निस्तारण हेतु राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया इस दौरान राजस्व विभाग तथा फरियादी मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम में कन्या पूजन, बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर किया गया सम्मान

थरवई (प्रयागराज)। नवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार को स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम सी0 से0 स्कूल, थरवई में धूमधाम से कन्या पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान 2 से 10 वर्ष की आयु वर्ग की बालिकाओं को माता दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का प्रतीक मानकर विधि-विधान से पूजित किया गया।पूजन उपरांत बालिकाओं को सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया, जिसमें खीर, पूरी, हलवा और फल प्रमुख रहे। साथ ही उन्हें उपहार और दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया गया।प्रधानाचार्य दिनेश कुमार पाण्डेय ने इस अवसर पर कहा कि कन्या पूजन मात्र धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह समाज में महिलाओं और बालिकाओं के सम्मान की भावना को सशक्त करने का संदेश भी देता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से नारी शक्ति के प्रति सदैव आदर भाव रखने का आह्वान किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश पांडेय आशुतोष कुमार पांडे यादवेंद्र पांडे तुंगनाथ तिवारी आदि शिक्षकों और विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा। पूरे विद्यालय परिसर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखनेको मिला




# ऐसा सबक सिखाएंगे कि आने वाली पीढ़ी दंगा करना भूल जाएगीः योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक दिन पहले बरेली में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच हुई झड़प को लेकर कड़ा रुख अख्तार करते हुए शनिवार को कहा कि ''(दंगाइयों को) ऐसा सबक सिखाएंगे कि आने वाली पीढ़ी दंगा करना भूल जाएगी।'' एक मीडिया संस्थान के ''विकसित उत्तर प्रदेश विजन-2024'' कार्यक्रम में बरेली मामले को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सख्त संदेश दिया है कि कानून-व्यवस्था में खलल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में बिना किसी का नाम लिए कहा, ''कल आपने बरेली के अंदर देखा होगा... वो मौलाना भूल गया कि शासन किसका है, उसने सोचा कि धमकी देंगे और जाम कर देंगे, मैंने कहा जाम नहीं होगा, कर्फ्यू नहीं लगेगा... सबक तुम्हें ऐसा सिखा देंगे कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ी दंगा करना भूल जाएगी।'' योगी की यह चेतावनी इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलवी तौकीर रजा खान की तरफ प्रतीत हो रही है, जिन्होंने शुरुआत में ''आई लव मोहम्मद'' अभियान के समर्थन में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।

बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद एक मस्जिद के बाहर इकट्ठा हुए स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। जिलाधिकारी अविनाश



सिंह ने पुष्टि की थी कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 लागू है, जिसके तहत किसी भी मार्च या प्रदर्शन के लिए लिखित अनुमति आवश्यक है। इसके बावजूद कुछ लोग सड़कों पर उतर आए और शांति भंग करने का प्रयास किया, जिसके कारण पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की और 24 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया।

पुलिस ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि स्थानीय धर्मगुरु और इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर कई प्रदर्शनकारी 'आई लव मोहम्मद' अभियान के समर्थन में मस्जिद के बाहर इकट्ठा हुए थे। इस विवाद का संबंध नौ सितंबर को कानपुर में दर्ज की गई प्राथमिकी से है। कानपुर पुलिस ने चार सितंबर को बारावफात के जुलूस के दौरान कानपुर की सड़क पर कथित तौर पर 'आई लव मोहम्मद' लिखा बोर्ड लगाने के आरोप में नौ नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

इसे भी पढ़ेंः पाकिस्तान को उसी की भाषा में देना चाहिए जवाब, पीएम मोदी के पुराने इंटरव्यू का जिक्र कर उद्धव ने साधा निशाना

ुख्यमंत्री ने जनसभा के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, ''व्यवस्था को ठप करने का यह कैसा तरीका है? 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में यही चलन था, लेकिन 2017 के बाद हमने कर्फ्यू तक नहीं लगने दिया। उत्तर प्रदेश के विकास की कहानी यहीं से शुरू होती है।'' योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि ''चाचा-भतीजा'' वसूली के धंधे में लिप्त थे और हर जिले में एक माफिया को समानांतर सत्ता संचालित करने की छूट दी गई थी।

उन्होंने कटाक्ष किया कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग माफियाओं के सामने नतमस्तक थे। उन्होंने कहा, ''जब सत्ता बेईमान और भ्रष्ट लोगों के हाथ में आती है, तो वह समाज को जाति और परिवार के नाम पर गुमराह करती है। ऐसे लोगों के लिए हमने बुलडोजर बनाया है।'' योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने माफिया राज को जड़ से उखाड़कर प्रदेश को विकास की राह पर ला खड़ा किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''आज से आठ साल पहले उत्तर प्रदेश में 'वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर' की कल्पना करना भी असंभव था।

# मिशन शक्ति 5 के तहत महिला हितैषी ग्राम प्रधानों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत महिला हितैषी ग्राम पंचायतों की महिला ग्राम प्रधानों की प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

भदोही। महिलाओं को सशक्त बनाने एवं ग्राम स्तर पर नेतृत्व क्षमता को विकसित करने की दिशा में मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत महिला हितैषी ग्राम पंचायतों की महिला ग्राम प्रधानों के लिए एक दिवसीय जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, विकास भवन, भदोही में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने महिला जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्हें मातृशक्ति की संज्ञा दी और उनके अधिकारों, दायित्वों तथा प्रशासनिक भूमिका को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि – 'महिलाएं राष्ट्र की सृजन शक्ति हैं। जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र की नींव मजबूत होगी। महिला प्रधानों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहकर ग्राम विकास में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।'




इस प्रशिक्षण में कुल 31 महिला ग्राम प्रधानों को प्रतिभागिता हेतु चयनित किया गया, जिन्हें ग्राम पंचायत संचालन, महिला एवं बाल अधिकार, वित्तीय प्रबंधन, योजनाओं का क्रियान्वयन, महिला सुरक्षा, स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्थानीय शासन से संबंधित विविध विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

श्री ए.के. सिंह, उप निदेशक (पंचायती राज), अश्वनी कुमार सिंह, उप निदेशक, कृषि,ज्ञानप्रकाश, जिला विकास अधिकारी,संजय कुमार मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकाररी, राजीव कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी, पुलिस लाइन, भदोही इन सभी अधिकारियों ने भी अपने-अपने विभागीय अनुभवों के आधार पर महिलाओं को जागरूक किया तथा ग्रामीण विकास में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। अधिकारियों ने महिला प्रधानों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने गांव में महिला हितैषी योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करें और दूसरों के लिए एक प्रेरणा बनें।

कार्यशाला में सहभागिता करने वाली महिला प्रधानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और बताया कि इस प्रशिक्षण से उन्हें अपने कार्यों को बेहतर ढंग से समझने और क्रियान्वित करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन जिला स्तरीय मिशन शक्ति टीम एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी थानों पर आयोजित हुआ समाधान थाना दिवस




थाना ऊझं समाधान दिवस पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर किया गया त्वरित निस्तारण। मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत महिला फरियादियों की शिकायतों पर तत्काल हुई प्रभावी कार्रवाई।

भिवंडी में बिल्डिंग तोड़ने के दौरान बड़ा हादसा !

# ठेकेदार की लापरवाही से गिरा जनरेटर, मजदूरों की जान पर खतरा







**भिवंडी (संवाददाता)**

मंत्र न्यूज

भिवंडी महानगरपालिका क्षेत्र में शुक्रवार को जर्जर इमारत तोड़ते समय ठेकेदार की लापरवाही से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अंजुरफाटा स्थित हलारी विसा ओसवाल हॉल परिसर में जी ₹6 मंजिला इमारत को ढहाने का काम चल रहा था। इस दौरान इमारत पर रखा भारी जनरेटर अचानक नीचे आ गिरा। सौभाग्य से मौके पर मौजूद मजदूर बाल-बाल बच गए।जानकारी के अनुसार, प्रभाग समिति क्रमांक तीन के अंतर्गत आने वाली दो जी ₹6 मंजिला इमारतों को मनपा ने कुछ दिन पहले ही जर्जर घोषित किया था। इनमें से एक को पूरी तरह तोड़ा जा चुका था, जबकि दूसरी का काम चल रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। यह काम भिवंडी मनपा के ठेकेदार इन्सान सारा ट्रेडर्स, कल्याण रोड, लकड़ा मार्केट को निजी तौर पर सौंपा गया था। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि ठेकेदार ने इमारत तोड़ने के दौरान किसी भी तरह की सुरक्षा व्यवस्था नहीं की थी। न तो सुरक्षा बैरिकेड लगाए गए और न ही मजदूरों के लिए कोई सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही मजदूरों की जान को सीधे खतरे में डाल रही है। उनका आरोप है कि प्रशासन और ठेकेदार मिलकर नियमों को दरकिनार कर रहे हैं। घटना के बाद नागरिकों ने मांग की है कि मनपा प्रशासन ठेकेदार की जिम्मेदारी तय करे और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करे।

# विवाहिता की संदिग्ध आत्महत्या, पति और ननद पर प्रताड़ना के तहत केस दर्ज

**भिवंडी (संवाददाता)**

मंत्र न्यूज

भिवंडी के नारपोली गांव में एक 27 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या का मामला सामने आया है। नारपोली पुलिस ने मृतका के पति और ननद के खिलाफ मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना के चलते आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है।



पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान शुभांगी बालु लोंढे (27) के रूप में हुई है। वह रोहिदास नगर, साठे नगर, नारपोली गांव में अपने पति बालु भास्कर लोंढे (33) और ननद शितल ताटे (29) के साथ रहती थी। आरोप है कि पति और ननद आए दिन शुभांगी को ताने मारते, गाली-गलौज करते और उससे झगड़ा करते थे। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर उसने 21 सितंबर को घर में ओढ़नी से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

घटना की जानकारी मृतका की मां ने पुलिस को दी। बेटी का अंतिम संस्कार करने के बाद उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस पर नारपोली पुलिस ने बी.एन.एस. की धारा 108 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल पति और ननद की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक सोनाली पाटील कर रही हैं। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेन्सिक टीम को भी बुलाया गया।।इस घटना से इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि घरेलू प्रताड़ना के मामलों पर पुलिस और प्रशासन को और सख्ती से कदम उठाने चाहिए।

# भिवंडी पालिका के कचर प्रबंधन ठेका में भारी भष्टाचार का आरोप

**पूर्व नगरसेवक व राकांपा भिवंडी अध्यक्ष ने पालिका आयुक्त कार्यालय में किया शिकायत दर्ज**

**भिवंडी (संवाददाता)**

मंत्र न्यूज

भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका पर एक बार फिर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। पूर्व सभागृह नेता और नगरसेवक खान मतलुब अफजल राकांपा भिवंडी शहर अध्यक्ष ( अल्पसंख्यक विभाग) याकूब शेख ने आरोप लगाया है कि सुप्रिमो गोल्ड इरीगेशन लिमिटेड कंपनी को कचरा प्रबंधन का ठेका मिलने के बावजूद काम में भारी अनियमितताएं की जा रही हैं। नगरसेवक अफजल ने मनपा आयुक्त को लिखे पत्र में बताया कि कंपनी को 18 माह में 4.62 लाख मेट्रिक टन कचरा प्रबंधन का लक्ष्य पूरा करना था। लेकिन 14 महीने बीत जाने के बाद भी केवल 1.50 लाख मेट्रिक टन काम ही किया गया है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने मशीनरी का उपयोग किए बिना सिर्फ जेसीबी से सतही सफाई कर दिखावा किया है। इस लापरवाही का नतीजा यह हुआ है कि शहर के कई हिस्सों में कचरे के ढेर लगे हैं। दुर्गंध के साथ मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। याकूब का आरोप है कि अधूरा काम छोड़ने के बावजूद कंपनी ने करोड़ों रुपये के बिल उठाए हैं और राजनीतिक दबाव के जरिए मनपा प्रशासन से भुगतान कराने की कोशिश कर रही है।उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पूर्व नगरसेवक खान और राकांपा पदाधिकारी शेख ने चेतावनी दी है कि यदि कंपनी पर धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर भुगतान रोका नहीं गया तो वे न्याय के लिए उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। शहर में इस मुद्दे पर चर्चा तेज हो गई है और नागरिकों की निगाहें अब मनपा प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।



# भिवंडी पुलिस परिमंडल-2 कार्यालय में ‘वेलनेस सेंटर’ का शुभारंभ

**पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे की संकल्पना, आहान फाउंडेशन का सहयोग**





**भिवंडी (संवाददाता)**

मंत्र न्यूज

पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को मजबूती देने के उद्देश्य से शुक्रवार को भिवंडी पुलिस परिमंडल-2 कार्यालय में ‘वेलनेस सेंटर’ की शुरुआत की गई। यह पहल ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे की संकल्पना और संयुक्त पुलिस आयुक्त ज्ञानेश्वर चव्हाण के मार्गदर्शन में की गई है,उद्घाटन समारोह में अपर पुलिस आयुक्त (पश्चिम प्रादेशिक विभाग, ठाणे) विनायक देशमुख ने सेंटर का शुभारंभ किया। इस मौके पर पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे, सहायक पुलिस आयुक्त सचिन सांगले,विजय मराठे और परिमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी छह थानों के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक उपस्थित रहे।

गौरतलब हो कि यह अभिनव उपक्रम आहान फाउंडेशन के सहयोग से शुरू किया गया है। फाउंडेशन की संस्थापक एवं सीईओ सुश्री सोनाली पाटणकर, उन्मेष जोशी और स्वप्निल पांगे ने पुलिसकर्मियों को पहल की रूपरेखा से अवगत कराया। संस्था वर्ष 2012 से मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत है तथा फिलहाल पांच राज्यों में सरकार के साथ मिलकर विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। भिवंडी में शुरू किए गए इस वेलनेस सेंटर के माध्यम से पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तनावमुक्त वातावरण, विशेषज्ञ परामर्श और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल को सफल बनाने में पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय-1) डॉ. श्रीकांत परोपकारी का विशेष सहयोग रहा।

# रेलवे विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धः रवनीत सिंह

**रेल राज्य मंत्री एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने लुधियाना में नए रेलवे स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया**

लुधियाना। रेल राज्य मंत्री एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने आज लुधियाना में नव-निर्मित रेलवे स्वास्थ्य सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। लगभग 7.5 करोड़ की लागत से बने इस अत्याधुनिक केंद्र का निर्माण 1,800 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किया गया है। यह केंद्र रेलवे कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करेगा। जी+1 संरचना में 06 ओपीडी, 4-बेड वाला वार्ड, आपातकालीन सुविधाएँ (जिसमें स्टेरिलाइज़ेशन एवं ड्रेसिंग रूम शामिल हैं), फ़ार्मेसी और लोकल परचेज, यात्री व स्ट्रेचर लिफ्ट, 3 स्थानों पर प्रतीक्षालय सुविधाएँ (स्टेनलेस स्टील बेंच के साथ), कॉन्फ्रेंस रूम, पुरुष/महिला एवं स्टाफ के लिए अलग शौचालय, वीआरवी एयर कंडीशनिंग सिस्टम, सुसज्जित डबल हाइट लॉबी, दोपहिया/चारपहिया एवं एम्बुलेंस पार्किंग की सुविधा, अस्पताल के बाहर विकसित हरे क्षेत्र, पीएमई डार्क रूम सुविधा, एक्स-रे कक्ष (डार्क रूम सहित), प्रयोगशाला एवं मेडिकल रिकॉर्ड रूम शामिल हैं। फ़िरोज़पुर मंडल की



स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए रवनीत सिंह ने कहा कि वर्तमान में फ़िरोज़पुर मंडल में एक डिविजनल अस्पताल (फ़िरोज़पुर), एक उप-मंडलीय अस्पताल (अमृतसर) तथा 6 स्वास्थ्य इकाइयाँ हैं, जिनमें कुल 34 डॉक्टर कार्यरत हैं। फ़िरोज़पुर डिविजनल अस्पताल में कुल 69 बेड हैं, जहाँ मेडिसिन, जनरल सर्जरी, स्त्री रोग, अस्थि रोग, पैथोलॉजी, एनेस्थीसिया एवं डेंटल जैसी विभिन्न विशेषताओं में चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध हैं। अस्पताल में अत्याधुनिक प्रयोगशाला, फिजियोथेरेपी यूनिट, कंप्यूटरीकृत रेडियोग्राफिक सिस्टम और मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर की सुविधाएँ मौजूद हैं। अमृतसर में 50-बेड का अस्पताल संचालित है, साथ ही लुधियाना, जालंधर सिटी, जालंधर छावनी और कपूरथला में स्वास्थ्य इकाइयाँ कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त, रेलवे लाभार्थियों को आपातकालीन देखभाल प्रदान करने हेतु 51 निजी अस्पतालों और 16 डायग्नोस्टिक केंद्रों को पैनल में शामिल किया गया है। इस अवसर पर संजीव कुमार (डीआरएम फ़िरोज़पुर), अजय वर्श्नेय (सीपीएम कंस्ट्रक्शन), डॉ. चेतना कपूर (एसीएमएस लुधियाना), ऋषि पांडे (वरिष्ठ डीएससी आरपीएफ फ़िरोज़पुर), परमदीप सैनी (वरिष्ठ डीसीएम फ़िरोज़पुर), सुमित खुराना (वरिष्ठ डीईएन कोऑर्डिनेशन फ़िरोज़पुर), शुभम खुराना (उप मुख्य अभियंता कंस्ट्रक्शन), अज्यपाल (वरिष्ठ डीईएन-I फ़िरोज़पुर) एवं आदित्य मेहरा (स्टेशन डायरेक्टर लुधियाना) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# भिवंडी बाल सुधारगृह से किशोर लापता! शांतिनगर पुलिस ने अज्ञात पर अपहरण का केस दर्ज किया

**भिवंडी (संवाददाता)**

मंत्र न्यूज

भिवंडी स्थित बालनिरीक्षण गृह से एक 16 वर्षीय किशोर के लापता होने से शहर में सनसनी फैल गई है। शांतिनगर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब 5 बजे कार्तिक रविंद्र वर्मा (16), निवासी गांधी नगर, कोणार्क रोड, रामनाथ चाल, ठाणे, को किसी अज्ञात व्यक्ति ने बहला-फुसलाकर कानूनी संरक्षण से बाहर ले गया। वर्मा कापूर बावडी पुलिस स्टेशन में दर्ज एक प्रकरण में विधीसंघर्षीत बालक (Conflict with Law) के तौर पर सुधारगृह में रखा गया था।

इस संबंध में बालनिरीक्षण गृह के पर्यवेक्षक वैभव भगवान वेल्हाल ने शांतिनगर पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भा.न्या.सं. 137(2) के तहत केस दर्ज किया है। घटना की जानकारी पुलिस को रात 8:45 बजे दी गई, जिसके बाद जांच तेज कर दी गई।शांतिनगर पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान और किशोर की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आसपास के इलाकों में दबिश दी जा रही है। जांच का जिम्मा सहायक पुलिस निरीक्षक शेले को सौंपा गया है।इस घटना से बालनिरीक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय नागरिकों में भी चिंता का माहौल है। पुलिस ने अपील की है कि यदि किसी को लापता किशोर या आरोपी के बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।




# दिल्ली पुलिस ने महिला से 2.5 लाख रुपये ठगने के आरोप में फर्जी वायुसेना अधिकारी को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर खुद को भारतीय वायुसेना का अधिकारी बताकर फर्जी बिल और पत्रों के जरिए लोगों को ठगने के मामले में राजस्थान से 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान राजस्थान के अलवर जिले निवासी तस्लीम खान के रूप में हुई है।



डीसीपी (दक्षिण) अंकित चौहान ने बताया कि उसके पास से अपराध में कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, छतरपुर क्षेत्र की एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि वायुसेना अधिकारी बनकर आए एक व्यक्ति ने उससे 2.52 लाख रुपये से अधिक की ठगी की है। एक विशेष टीम गठित की गई और अलवर के रामगढ़ क्षेत्र के मुकंदवास गांव में छापेमारी के बाद खान को पकड़कर दिल्ली लाया गया। पुलिस ने बताया कि जब्त किए गए दोनों मोबाइल फोन में धोखाधड़ी के साक्ष्य मिले हैं, जिनमें कई पीड़ितों के साथ चैट भी शामिल है। डीसीपी ने कहा, पूछताछ के दौरान खान ने बताया कि वह ऑनलाइन मंच पर खुद को वायुसेना कर्मी बताता था और जाली दस्तावेजों के जरिए लोगों को पैसे हस्तांतरित करने का लालच देता था। अब तक सात पीड़ितों की पहचान हो चुकी है और ठगी का शिकार हुए अन्य लोगों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# मध्य रेल सोलापुर मंडल से होकर चलने वाली 578 विशेष ट्रेनों की सेवाएँ जारी रखेगा

**मुंबई(संवाददाता)**

मंत्र न्यूज

मध्य रेल, यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, सोलापुर मंडल से होकर चलने वाली 578 विशेष ट्रेनों की सेवाएँ जारी रखेगाः

ट्रेन संख्या 01435 सोलापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई साप्ताहिक स्पेशल, जो 30.09.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को चलने के लिए अधिसूचित थी, अब 30.12.2025 तक चलती रहेगी। (13 फेरे) ट्रेन संख्या 01436 लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई-सोलापुर साप्ताहिक स्पेशल, जो 01.10.2025 तक प्रत्येक बुधवार को चलने के लिए अधिसूचित थी, अब 31.12.2025 तक चलती रहेगी। (13 फेरे)

ट्रेन संख्या 01435/01436 सोलापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई स्पेशल




का अब तत्काल प्रभाव से मुरुड पर एक अतिरिक्त ठहराव होगा।

समयः 01435 सोलापुर-एलटीटी 18:00 / 18:01 बजे । 01436 एलटीटी-सोलापुर 22:04 / 22:05 बजे।

30.09.2025 तक प्रतिदिन चलने के लिए अधिसूचित निम्नलिखित दैनिक ट्रेनें 31.12.2025 तक जारी रहेंगी

ट्रेन संख्या 01461/01462 सोलापुर-दौंड अनारक्षित दैनिक विशेष ट्रेनें (प्रत्येक 92 फेरे)। ट्रेन संख्या 01465/01466 सोलापुर-कलबुरगि अनारक्षित दैनिक विशेष ट्रेनें (प्रत्येक 92 फेरे) ट्रेन संख्या 01487/01488 पुणे-हरंगुल दैनिक विशेष ट्रेनें (प्रत्येक 92 फेरे)

ट्रेन संख्या 01487/01488 पुणे-हरंगुल विशेष ट्रेनें अब मुरुड में एक अतिरिक्त ठहराव देंगी तत्काल प्रभाव से।

समयः 01487 पुणे-हरंगुल 11:25 / 11:26 बजे। 01488 हरंगुल-पुणे 15:19 / 15:20 बजे। पहले से निर्दिष्ट ट्रेनों को छोड़कर, उपर्युक्त ट्रेनों के समय, संरचना और ठहराव में कोई परिवर्तन नहीं होगा। आरक्षण और बुकिंगः विशेष ट्रेनों की निरंतर यात्राओं के लिए विशेष शुल्क पर आरक्षण सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर उपलब्ध होगा।अनारक्षित डिब्बों की बुकिंग स्टेशनों पर बुकिंग काउंटरों और यूटीएस ऐप के माध्यम से भी की जा सकती है। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए वैध टिकटों के साथ यात्रा करें। इन विशेष ट्रेनों के ठहरावों के विस्तृत समय के लिए कृपया www.enquiry. indianrail. gov.in पर जाएँ या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें।

## मनोरंजन

# रेमो डिसूज़ा ने 'बोल कफारा क्या होगा' में सोनम बाजवा के शानदार प्रदर्शन की तारीफ की

मुंबईः जानेमाने कोरियोग्राफर रेमो डिसूज़ा ने फिल्म 'एक दीवाने की दीवानीयत' में अभिनेत्री सोनम बाजवा के शानदार प्रदर्शन की तारीफ की है। गाना 'बोल कफारा क्या होगा' रिलीज़ हो गया है। रिलीज़ होते ही यह गाना अपने शानदार विज़ुअल्स और दिल को छू लेने वाली धुन के कारण चर्चा में आ गया है। गाने में सोनम बाजवा और हर्षवर्धन राणे नज़र आ रहे हैं।




इस गाने की कोरियोग्राफी मशहूर कोरियोग्राफर रेमो डिसूज़ा ने की है। उन्होंने इसमें क्लासिक अदाओं को गहरे इमोशंस के साथ जोड़ा है। सोनम के परफॉर्मेंस की तारीफ करते हुए रेमो ने कहा, 'सोनम बेहद मेहनती आर्टिस्ट हैं। इस गाने की कोरियोग्राफी आसान नहीं थी, इसमें बहुत कंट्रोल और एक्सप्रेशन की जरूरत थी। लेकिन, सोनम ने इसे बेहद फोकस और समर्पण के साथ सीखा।

उन्होंने किरदार की भावनाओं को हर स्टेप में ढाला, जिससे गाने का प्रभाव और बढ़ गया।'इस गाने को नेहा कक्कड़ और फरहान साबरी ने गाया है। इसका संगीत डीजे चेतस और लिजो जॉर्ज ने तैयार किया है, जबकि इसके बोल आसिम रज़ा और समीर अंजान ने लिखे हैं। फिल्म 'एक दीवाने की दीवानीयत' का निर्देशन मिलाप मिलन ज़वेरी ने किया है और इसे अंशुल गर्ग ने राघव शर्मा के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म इस दीवाली, 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

## आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम पर बयान के कारण नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म मुश्किल में! फिल्म के बहिष्कार की मांग

हैदराबाद। विवादित तेलुगु अभिनेता और तेलुगु देशम पार्टी के विधायक नंदमुरी बालकृष्ण ने 25 सितंबर को आंध्र विधानसभा में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी को 'साइको' कहा था। अब उनकी नई फिल्म 'अखंडा 2' का बहिष्कार करने की मांग की जा रही है, जो 5 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।



एक मशहूर तेलुगु अभिनेता का कहना है कि बालकृष्ण को बेमतलब बोलने की आदत है। 'वह हमेशा बेवकूफी भरी बातें करता रहता है। वह हर किसी, चाहे वह पुरुष हो, महिला हो या राजनेता, का अनादर करता है... उसे सार्वजनिक रूप से बोलने से रोक देना चाहिए। दूसरों के साथ-साथ वह खुद के लिए भी खतरा है।'

जहां तक 'अखंडा 2' के भविष्य की बात है, आम राय यह है कि बालकृष्ण की इस गलती का फिल्म पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हाल की कई सफल फिल्मों में काम कर चुके एक अभिनेता का कहना है, 'यह सिर्फ बालकृष्ण की बात नहीं है। फिल्म में कई लोगों के करियर जुड़े हैं। जब वह बेमतलब की बातें करता है तो पूरी टीम के करियर को खतरा होता है। उनसे माफी मांगने के लिए कहा जा रहा है और वह माफी भी मांग लेंगे।'

## 'कभी खुशी कभी गम' स्टार जिबरान खान को महाप्रबंधक ने ठगा! कैफे से 34 लाख की हेराफेरी, मामला दर्ज

मुंबई। मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता जिबरान खान के बांद्रा स्थित एक कैफ़े के एक कर्मचारी के खिलाफ धन की हेराफेरी का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को पुष्टि की कि कर्मचारी ने लगभग 34 लाख रुपये की हेराफेरी की है। पुलिस सूत्रों ने दावा किया कि 'कभी खुशी कभी गम' स्टार, जो बांद्रा में एक कैफ़े के मालिक हैं, ने पाया कि आपूर्तिकर्ताओं को कई भुगतान बकाया थे। इसके बाद उन्होंने खातों की ऑडिटिंग का आदेश दिया।

पुलिस अधिकारी के अनुसार, खान मुंबई के बांद्रा इलाके में एक कैफे के



मालिक हैं और उन्होंने 2022 में आरोपी को कैफे का महाप्रबंधक नियुक्त किया था। खान को पिछले सप्ताह पता चला कि उनके कैफे में सामान पहुंचाने वाले लोगों का भुगतान लंबित है। अधिकारी ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि इसके बाद खान ने कैफे के खातों की ऑडिटिंग का आदेश दिया।

उन्होंने बताया कि ऑडिट से पता चला कि अप्रैल और मार्च के बीच कैफे का नकद कारोबार 1.14 करोड़ रुपये हुआ, लेकिन बैंक खाते में केवल 79.67 लाख रुपये जमा किए गए थे। शिकायत में आरोप लगाया कि शेष 34.33 लाख रुपये का कथित इस्तेमाल आरोपी अजय सिंह रावत ने निजी खर्चों के लिए किया।

पुलिस के मुताबिक, जब अभिनेता ने रावत से संपर्क करने की कोशिश की, तो उसने कथित तौर पर फोन कॉल का जवाब नहीं दिया और बाद में उन्हें ब्लॉक कर दिया, जिसके बाद अभिनेता ने बांद्रा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि जांच के बाद पुलिस ने रावत के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात का मामला दर्ज किया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# 41 साल बाद एशिया कप फाइनल में भारत-पाक की भिड़ंत, दुबई में होगा महामुकाबला!

दुबई। भारत एशिया कप 2025 के फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा, जो 28 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के 41 साल के इतिहास में भारत और पाकिस्तान के बीच यह पहला एशिया कप फाइनल होगा, जो इस मुकाबले में रोमांच का एक और स्तर जोड़ देगा। टूर्नामेंट में इससे पहले, भारत दो बार पाकिस्तान के खिलाफ जीत का स्वाद चख चुका था। भारत ने ग्रुप चरण के मैच में दबदबा बनाया और कुलदीप यादव के 18 रन देकर 3 विकेट के मैच जिताऊ स्पेल की बदौलत सात विकेट से जीत हासिल की।

सुपर 4 के मुकाबले में, अभिषेक शर्मा ने 39 गेंदों में 74 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिससे पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियाँ उड़ गईं और भारत के लिए छह विकेट से जीत का मार्ग प्रशस्त हुआ। भारत के लिए, अभिषेक शर्मा मौजूदा टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे हैं। अभिषेक ने मौजूदा एशिया कप में लगातार तीसरा अर्धशतक जड़ा। शुक्रवार को सुपर 4 के अपने अंतिम मुकाबले में उन्होंने श्रीलंका को पूरे मैदान में धूल चटाते हुए 31 गेंदों में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 61 रनों की आकर्षक पारी खेली। उनकी स्ट्राइक रेट 196.77 रही। उन्होंने टी20 एशिया कप में किसी बल्लेबाज द्वारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (2022 टी20 एशिया कप की छह पारियों में 281 रन) को पीछे छोड़ दिया है।



वह मौजूदा एशिया कप में छह पारियों में 51.50 की औसत, 204.63 के स्ट्राइक रेट और तीन अर्धशतकों के साथ 309 रन बनाकर सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इस टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 75 रन है। उन्होंने पाकिस्तान के मोहम्मद रिज़वान (2022 टी20ঘ एशिया कप के दौरान छह पारियों में 281 रन) को पछाड़कर किसी बल्लेबाज़ द्वारा टी20ঘ एशिया कप में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

तिलक वर्मा (144), भारतीय उप-कप्तान शुभमन गिल (115), और विकेटकीपर-बल्लेबाज़ संजू सैमसन (108) ने भारत की सफलता में अहम भूमिका निभाई है और महत्वपूर्ण साझेदारियाँ बनाकर टूर्नामेंट में टीम के मज़बूत प्रदर्शन को मज़बूत किया है। हालाँकि, भारत के कप्तान बनने के बाद से सूर्यकुमार यादव का खराब प्रदर्शन जारी रहा, जब उन्होंने शुक्रवार को दुबई में चल रहे एशिया कप के सुपर फ़ोर्स मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ एक ज़बरदस्त पारी खेली। पिछले साल जुलाई में, रोहित से कप्तानी की जिम्मेदारी सूर्यकुमार को सौंप दी गई थी, जब अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने बारबाडोस में भारत के शानदार टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद इस प्रारूप को अलविदा कह दिया था।

नेतृत्व पदानुक्रम के शिखर पर पहुँचने के बाद से, सूर्यकुमार रन और फ़ॉर्म में नहीं रहे हैं। इस विस्फोटक बल्लेबाज़ ने अक्टूबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ शतक जड़ा, जो कप्तान के रूप में उनका आखिरी अर्धशतक है। 2025 में, सूर्यकुमार का प्रदर्शन बेहद खराब रहा, उन्होंने 10 पारियों में 12.37 की औसत से 99 रन बनाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 110.00 का बेहद कम था, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 47ঙ रहा। कुलदीप यादव मौजूदा एशिया कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और बल्लेबाज़ों को चकमा देने के लिए अपनी विविधताओं का भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं। वह वर्तमान में छह मैचों में 9.84 की प्रभावशाली औसत और 6.05 की इकॉनमी रेट से 13 विकेट लेकर विकेट लेने वालों की सूची में शीर्ष पर हैं। तीन और विकेट लेने पर वह टूर्नामेंट में भारत के शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या (14 विकेट) से आगे निकल जाएंगे, और पांच विकेट लेने पर वह टूर्नामेंट के तीन टी20आई संस्करणों के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा (17 विकेट) को पीछे छोड़ सकते हैं।

पाकिस्तान के लिए, फाइनल में पहुँचने से पहले शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ की तेज गेंदबाज़ी जोड़ी छह पारियों में नौ-नौ विकेट लेकर स्ट्राइक गेंदबाज़ रही है। अफरीदी भी 6.91 की प्रभावशाली इकॉनमी रेट से गेंदबाज़ी कर रहे हैं, जबकि रऊफ 7.84 की थोड़ी ज़्यादा इकॉनमी रेट से गेंदबाज़ी कर रहे हैं। साहिबज़ादा फरहान टूर्नामेंट में पाकिस्तान के लिए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ रहे हैं, जिन्होंने छह पारियों में 26.66 की औसत से 160 रन बनाए हैं; हालाँकि, उनका स्ट्राइक रेट 100 से थोड़ा ज़्यादा है।फरहान के अलावा, फखर ज़मान (135) और मोहम्मद हारिस (131) ने पूरे टूर्नामेंट में उनका साथ दिया है।

## आरबीआई ने मुथूट फिनकॉर्प पर जुर्माना लगाया

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आंतरिक ओम्बुड्समैन के कुछ मानदंडों का पालन न करने पर मुथूट फिनकॉर्प लि. पर 2.7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि आरबीआई द्वारा कंपनी का वैधानिक निरीक्षण 31 मार्च, 2024 तक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में किया गया था।




केंद्रीय बैंक के निर्देशों का पालन न करने के पर्यवेक्षी निष्कर्षों और उस संबंध में संबंधित पत्राचार के आधार पर कंपनी को एक नोटिस दिया गया जिसमें उससे पूछा गया कि उसने आरबीआई के नियम क्यों नहीं माने और उसे बताना था कि उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए।

आरबीआई ने बयान में कहा, नोटिस के जवाब, कंपनी द्वारा दी गई अतिरिक्त जानकारी और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान किए गए मौखिक बयान को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय बैंक ने पाया कि कंपनी पर लगाए गए निम्नलिखित आरोप सही साबित हुए हैं, जिसके कारण आर्थिक जुर्माना लगाना जरूरी है।

आरबीआई ने कहा कि मुथूट फिनकॉर्प एक ऐसी व्यवस्था बनाने में नाकाम रहा, जिसके तहत अगर कंपनी का अपना शिकायत विभाग किसी शिकायत को पूरी तरह या आंशिक रूप से खारिज कर देता है, तो वह शिकायत अपने-आप कंपनी के आंतरिक ओम्बुड्समैन के पास आगे की जांच के लिए चली जाए। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह जुर्माना नियमों के पालन में कमी के कारण लगाया गया है और इसका उद्देश्य कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर कोई प्रभाव डालना नहीं है।

## मुंबई टीम में बड़ा बदलाव! नए कप्तान का ऐलान; यशस्वी जायसवाल बाहर, रहाणे और सरफराज की एंट्री

मुंबई क्रिकेट टीम की सीनियर चयन समिति ने आगामी 2025-26 रणजी सीज़न के लिए 24 संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। स्टार ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को टीम की कमान सौंपी गई है। पिछले सीज़न में मुंबई की कप्तानी करने वाले अजिंक्य रहाणे भी टीम में हैं, लेकिन इस बार उन्हें सिर्फ़ बल्लेबाज़ के तौर पर चुना गया है। खास़ बात यह है कि टीम इंडिया के स्टार ओपनर यशस्वी जायसवाल को इस सूची में जगह नहीं मिली है।



स्टार खिलाड़ी श्रेयस अय्यर भी इस सूची में नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने फ़िलहाल लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूर रहने का फ़ैसला किया है। अय्यर ने बीसीसीआई से कुछ समय के लिए लाल गेंद वाले क्रिकेट से ब्रेक देने की गुज़ारिश की है। यही वजह है कि वेस्टइंडीज़ के खिलाफ़ दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ के लिए उनके नाम पर चर्चा नहीं हुई है।

**शार्दुल ठाकुर पर बड़ी ज़िम्मेदारी**

शार्दुल ठाकुर आगामी रणजी सीज़न में मुंबई की कप्तानी करते नज़र आएंगे। वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज़ में टीम इंडिया का हिस्सा थे, लेकिन उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। 2 अक्टूबर से शुरू हो रही वेस्टइंडीज़ के खिलाफ टेस्ट सीरीज़ के लिए उनका चयन नहीं हुआ है। हालाँकि, मुंबई क्रिकेट टीम की चयन समिति द्वारा घोषित 24 सदस्यीय टीम में उन्हें कप्तानी की ज़िम्मेदारी दी गई है। गौरतलब है कि यशस्वी जायसवाल रणजी टीम में नहीं हैं, लेकिन वह वेस्टइंडीज़ टेस्ट सीरीज़ में खेलते नज़र आएंगे।

**सरफ़राज़-मुशीर पर सबकी नज़रें**

पिछले सीज़न में सरफ़राज़ खान और उनके छोटे भाई मुशीर ने मुंबई के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। दोनों ने मुंबई को 2023-24 रणजी ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। दोनों आगामी सीज़न में भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार होंगे। बीसीसीआई ने गुरुवार, 25 सितंबर को वेस्टइंडीज़ के खिलाफ टेस्ट सीरीज़ के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की, लेकिन उसमें सरफ़राज़ खान का नाम नहीं था। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि फिलहाल फिटनेस समस्याओं के कारण सरफराज को टीम में नहीं चुना गया है.

2025-26 सीज़न के लिए मुंबई की संभावित रणजी टीमः

शार्दुल ठाकुर (कप्तान), आयुष म्हात्रे, मुशीर खान, अंगकृष्ण रघुवंशी, अखिल हेरवाडकर, अजिंक्य रहाणे, सरफराज खान, सिद्धेश लाड, सुवेद पारकर, सूर्यांश शेडगे, आकाश पारकर, तुषार देशपांडे, सिल्वेस्टर डिसूजा, इरफान उमैर, रॉयस्टन डायस, प्रतीक मिश्रा, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), प्रसाद पवार (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, हिमांशु सिंह, अथर्व अंकोलेकर, ईशान मूलचंदानी।

## वित्त मंत्री सीतारमण तीन अक्टूबर को चौथे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तीन अक्टूबर को यहां चौथे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी 2025) का उद्घाटन करेंगी। इस बार सम्मेलन का विषय अशांत समय में समृद्धि की तलाश है।

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर पांच अक्टूबर को भारत की विदेश और आर्थिक नीति पर विचार-विमर्श के साथ इस सम्मेलन का समापन करेंगे।

इसमें कहा गया कि तीन दिवसीय केईसी 2025 एक गतिशील मंच है, जो भारत की घरेलू प्राथमिकताओं को वैश्विक नजरिये के साथ जोड़ेगा और उथल-पुथल के दौर में समृद्धि का मार्ग तैयार करेगा।



इसमें कहा गया कि अपने समृद्ध अनुभव के आधार पर केईसी ने समकालीन चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 30 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 विदेशी प्रतिभागियों के साथ अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को बढ़ाया है।

**पश्चिम रेलवे**

**ओएचई कार्य**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (उप), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008, ई-निविदा सूचना संख्याः WR-MMCTOESUB (ESOT)/10/2024(RT), दिनांकः 23.09.2025 आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** अंधेरी बोरीवली खंडः यूपीटीएच और डीएनटीएच लाइनों के अनियमित ओएचई को विनियमित ओएचई में परिवर्तित करना। **कार्य की अनुमानित लागतः** 12,01,26,239/-। **बोली सुरक्षाः** 7,50,600/-। **जमा करने की अंतिम तिथि और समयः** 22.10.2025, 15:00 बजे तक। **खोलने की अंतिम तिथि और समयः** 22.10.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0637

हमें फॉलो करें facebook.com/WesternRly

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र संख्या 40/2025**

निविदा सं. 20255020 जिसके खुलने की तिथि 25.09.2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा सं. EPS/95/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए हैं-, **Tender No. & short Description:** 20255020 Description IGBT बेस्ड 3-फेज ड्राइव propulsion Equipments, **Tender Opening Date:** From- 25.09.2025 To-10.10.2025 अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखें

(हस्ता.)
**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक**
**पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम रेलवे**

सामग्री प्रबंधन विभाग

**विभिन्न सामग्री आपूर्ति**

**ई-खरीद निविदा सूचना संख्या एस/62/2025 दिनांक 23.09.2025**

| अ.क्र. | वस्तु का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी |
|---|---|---|---|
| 542 | चार V डीप ग्रूव एक्सल पुली असेंबली | 544 Nos | 17-Oct-25 |
| 543 | आर्टिकुलेटेड स्फेरोइलोस्टिक रबर | 1159 Nos | 21-Oct-25 |
| 544 | डायनामिक ब्रेकिंग रेसिस्टर (DBR) | 50 Nos | 22-Oct-25 |
| 545 | लॉक असेंबली का सेट | 89 Set | 22-Oct-25 |
| 546 | फ्लैप डोर अरेंजमेंट | 2428 Nos | 22-Oct-25 |
| 547 | ऊर्जा की उपस्थिति/अनुपस्थिति संकेतक | 272 Nos | 23-Oct-25 |
| 548 | विनाइल कोटेड अपहोल्स्ट्री फ़ैब्रिक (कृत्रिम चमड़ा) | 44134 Mtr | 23-Oct-25 |
| 549 | इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफायर कम | 91 Nos | 27-Oct-25 |
| 550 | अर्थिंग कार्बन ब्रश, पैन हेड | 2626 Nos | 27-Oct-25 |
| 551 | हिताची ट्रैक्शन मोटर के लिए 23 दांतों वाला पिनियन | 180 Nos | 27-Oct-25 |
| 552 | इंटर-व्हीकल कपलर असेंबली की आपूर्ति | 4 Set | 29-Oct-25 |
| 553 | कपलर असेंबली | 5 Set | 03-Nov-25 |
| 554 | क्षैतिज बोरिंग और मिलिंग मशीन | 2 Nos | 10-Nov-25 |
| 555 | एंटी-वाइब्रेशन माउंटिंग पैड (AVM) | 8506 Nos | 19-Nov-25 |
| 556 | बॉडी से बोगी को जोड़ने वाला स्विंगिंग लिंक | 11532 Nos | 01-Dec-25 |
| 557 | एंटी-रोल बार | 1433 Nos | 03-Dec-25 |

**शुद्धिपत्र**

कृपया निविदा सूचना संख्या एस-44-2025, दिनांक 11-07-2025, क्रम संख्या 379 के लिए देय तिथि '30.09.2025' और मात्रा '28619 सेट' पढ़ें।

विस्तृत सूचना, अग्रिम राशि, क्रय प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in देखें। 0638

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस ⇌ अयोध्या कैंट/लुधियाना जंक्शन के बीच त्यौहार विशेष ट्रेन चलाएगा**

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09095 | बांद्रा टर्मिनस - अयोध्या कैंट | 01.10.2025 to 19.11.2025 | 11:00 hrs (बुधवार) | 17:30 hrs (अगले दिन) |
| 09096 | अयोध्या कैंट - बांद्रा टर्मिनस | 02.10.2025 to 20.11.2025 | 21:00 hrs (गुरूवार) | 06:00 hrs (शनिवार) |

हाल्टः बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, दाहोद, मेघनगर, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ और बाराबंकी स्टेशन दोनों दिशाओं में।

संरचनाः एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस - लुधियाना जंक्शन | 05.10.2025 to 30.11.2025 | 21:50 hrs (रविवार) | 00:30 hrs (मंगलवार) |
| 09098 | लुधियाना जंक्शन - बांद्रा टर्मिनस | 07.10.2025 to 02.12.2025 | 04:00 hrs (मंगलवार) | 10:20 hrs (अगले दिन) |

हाल्टः बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिंडन सिटी, मथुरा जंक्शन, नई दिल्ली, पानीपत, उम्बाला और सनेहवाल स्टेशन दोनों दिशाओं में।

संरचनाः एसी 2-टियर, एसी 3-टियर और एसी 3-टियर (इकोनॉमी) कोच।

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन संख्या 09095 और 09097 की बुकिंग 29.09.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

**पश्चिम रेलवे**
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly
Follow us on: Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ

# मधुबनी को मिली ?8328 करोड़ की सौगात, सीएम नीतीश ने कहा- विकास कार्यों से जीवन स्तर में आएगा सुधार

मधुबनी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मधुबनी जिला के सिरसिया-परसाही स्थित पावरग्रिड के मैदान में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 8328.82 करोड़ रुपये लागत की कुल 25 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 81.74 करोड़ रुपये की लागत से कुल 9 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं 8247.08 करोड़ रुपये की लागत की 16 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसमें प्रगति यात्रा के दौरान जिले के विकास के लिए घोषित योजनाओं का शिलान्यास भी शामिल है। आज के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 7832.29 करोड़ रुपये की लागत की महत्वपूर्ण पश्चिम कोसी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य (पार्ट ए) का शिलान्यास किया। इसके निर्माण से मधुबनी जिला के 20 प्रखंडों तथा दरभंगा जिला के 16 प्रखंडों के किसान लाभान्वित होंगे। इन योजनाओं से जिले में विकास कार्यों को नई गति एवं दिशा मिलेगी, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार होगा एवं उन्हें इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने सिरसिया-परसाही स्थित पावर ग्रिड के मैदान में आयोजित संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका सहित अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये किया गया है। इसके अलावा गृह रक्षकों का दैनिक भत्ता 774 रुपये से बढ़ाकर 1121 रुपये, आंगनबाड़ी सेविका के मानदेय 7 हजार रुपये से बढ़ाकर 9 हजार रुपये, आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय 4 हजार रुपये से बढ़ाकर 4500 रुपये, विद्यालय रात्री प्रहरी का मानदेय 5 हजार रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये, किसान सलाहकारों का मानदेय 13 हजार रुपये से बढ़ाकर 21 हजार रुपये की गयी है। आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में भी वृद्धि की गई है। इससे



हम सभी लोग काफी खुश हैं। घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री करने से हमलोगों को बहुत फायदा हो रहा है। इससे होने वाली बचत राशि का उपयोग हमलोग अन्य विकास कार्यों में कर रहे हैं। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को उनके लिए किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि आप सभी लोग लोग बहुत अच्छा काम कर रही हैं। इसी प्रकार पूरी बुलंदी के साथ काम करते रहिए और आगे बढ़िये। सरकार हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से कहा कि आप लोग अच्छे से मिल-जुलकर रहें तथा बिहार को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान दें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण भी किया।

कार्यक्रम में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, राज्यसभा सांसद सह जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा, सांसद श्री रामप्रीत मंडल, अन्य जनप्रतिनिधिगण, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री शीर्षत कपिल अशोक, दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त श्री कौशल किशोर, दरभंगा प्रक्षेत्र की पुलिस उप महानिरीक्षक श्रीमती स्वपना गौतम मेश्राम, मधुबनी के जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा, मधुबनी के पुलिस अधीक्षक श्री योगेंद्र कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, लाभार्थीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

एन0डी0ए0 कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में भी हुए शामिल

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज मधुबनी जिला के सिरसिया-परसाही स्थित पावर ग्रिड के मैदान में आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज मुझे प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के स्थल भ्रमण एवं शिलान्यास के लिए मधुबनी आने तथा आपसे बातचीत करने का मौका मिला है। बहुत खुशी की बात है कि इस कार्यकर्ता संवाद में आप सब लोग उपस्थित हैं।

## सीमा पर पाक-चीन की नींद उड़ाएगा भारत का 'अनंत शस्त्र', एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के लिए 30 हजार करोड़ का टेंडर

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने अपनी हवाई सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए एक निर्णायक कदम उठाया है। इसकी वायु रक्षा शाखा ने अनंतशस्त्र नामक त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली को सेना में शामिल करने के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध जारी किया है। यह प्रणाली सिर्फ़ एक मिसाइल प्रणाली का आगमन नहीं है; यह भारत की उस भविष्य की ओर छलांग है जहाँ युद्धक्षेत्र की सुरक्षा स्वदेशी नवाचार पर टिकी है। यह सुनिश्चित करता है कि सैनिक एक सुरक्षात्मक गुंबद के नीचे लड़ें, इस विश्वास के साथ कि उनके आसमान पर नज़र रखी जा रही है।

अनंतशस्त्र एक आधुनिक त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है जिसे विशेष रूप से भारतीय सेना की ज़रूरतों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह मशीनीकृत और बख्तरबंद संरचनाओं के लिए एक ढाल के रूप में कार्य करेगी, यह सुनिश्चित करते हुए कि टैंक, पैदल सेना के लड़ाकू वाहन जैसे बीएमपी, और तोपखाने दुश्मन के विमानों, हेलीकॉप्टरों, ड्रोन, घूमते हुए हथियारों, रॉकेटों और यहाँ तक कि सटीक-निर्देशित हथियारों से सुरक्षित रहें। एक बार सेना में शामिल हो जाने पर, यह भारत के मोबाइल युद्ध समूहों को हवाई खतरों की लगातार चिंता किए बिना, स्वतंत्र रूप से काम करने का आत्मविश्वास देगा।

शामिल करने का पैमाना

योजना महत्वाकांक्षी है। अनंतशस्त्र की नौ इकाइयाँ बनाई जानी हैं, जिनमें 36 मिसाइलें और 36 रडार होंगे। कुल मिलाकर, तीन रेजिमेंटों का गठन किया जाएगा, जो भारत की अग्रिम पंक्ति की वायु रक्षा क्षमताओं का एक बड़ा विस्तार होगा। पूरी परियोजना का मूल्य लगभग 30,000 करोड़ रुपये है, जो इसे हाल के वर्षों में सेना के सबसे बड़े वायु रक्षा कार्यक्रमों में से एक बनाता है।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने सैनिकों के लिए फुटओवर ब्रिज की आधारशिला रखी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को राजपूताना राइफल्स रेजिमेंट सेंटर पर फुटओवर ब्रिज की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा यह हमारे बहादुर सैनिकों के लिए दिवाली का तोहफा है, जिन्हें पहले सड़क पार करने के लिए सड़क के नीचे बने बेहद नीची और गंदी सुरंग से होकर गुजरना पड़ता था। जैसे ही राजपूताना राइफल्स की टीम ने हमें इस समस्या की जानकारी दी, हमारी सरकार ने तुरंत इसपर कार्रवाई कर फुटओवर ब्रिज के निर्माण के लिए स्वीकृति दे दी।



रिंग रोड स्थित राजपूताना राइफल्स रेजिमेंट सेंटर पर फुटओवर ब्रिज (एफओबी) की लंबे समय से लंबित मांग को अब पूरा करने के लिये लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने काम शुरू कर दिया है। फिलहाल सैनिकों के वास्ते रेजिमेंट सेंटर और बैरकों के बीच आने-जाने के लिए कोई अंडरपास या पुल नहीं है, जिसके कारण उन्हें भूमिगत नाले का इस्तेमाल करना पड़ता है।

मुख्यमंत्री ने कहा, पिछली सरकार ने हमारे सैनिकों की इस मांग को नज़रअंदाज किया, या शायद इसलिए कि वे हमारे सैनिकों के महत्व को समझ नहीं पाए। जो भी कारण रहा हो, हमारी सरकार ने अब फुटओवर ब्रिज (एफओबी) के निर्माण के लिए निविदा जारी कर दी है और काम जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।'' यह कार्यक्रम दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा का हिस्सा था, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के सम्मान में आयोजित किया गया।

# प्रमोद तिवारी का मोदी-शाह पर निशानाः लद्दाख में दमन नहीं, वादे निभाओ सरकार

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने शनिवार को लद्दाख में हालात 'बेकाबू' होने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और कहा कि गिरफ़्तारी से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि वादे पूरे करने से होगा। तिवारी ने एएनआई को बताया कि एकमात्र समाधान प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा किए गए वादों को पूरा करना है, जो कि लद्दाख के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर को भी राज्य का दर्जा देना है। किसी को गिरफ़्तार करना समाधान नहीं है। आप पिछले दो सालों से मणिपुर को संभाल नहीं पा रहे हैं। अब, आप लद्दाख में हालात बेकाबू होने दे रहे हैं, जो सबसे संवेदनशील इलाका है। इसकी सीमा चीन से लगती है। लद्दाख में दमन से कोई फ़ायदा नहीं होगा, सिर्फ़ बातचीत से ही होगा।

24 सितंबर को हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद लेह में तनाव फैल गया, जिसके बाद प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत अनावश्यक आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया। हालांकि, अपनी आपबीती सुनाते हुए, स्थानीय लोगों ने



सरकार से प्रतिबंध हटाने का आग्रह किया है और कहा है कि वे भोजन और दूध जैसी बुनियादी चीजें नहीं खरीद पा रहे हैं। स्थानीय लोग भारी प्रतिबंधों के बावजूद अपने दैनिक जीवन को जारी रखने का प्रयास कर रहे हैं।

24 सितंबर को हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद लेह में प्रतिबंध लगाए गए हैं और सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की गई है, जहाँ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय में आग लगा दी गई थी। इसके अलावा, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के प्रावधानों के तहत जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत ने बड़े पैमाने पर विवाद को जन्म दिया। उन्हें जोधपुर सेंट्रल जेल ले जाया गया है।

24 सितंबर को लेह में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया, जिसके बाद इलाके में भाजपा कार्यालय में आग लगा दी गई। हिंसक विरोध प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत के दो दिन बाद, वांगचुक को एनएसए के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया। जलवायु कार्यकर्ता पर 'हिंसा भड़काने' का आरोप लगाया गया है।

वांगचुक भूख हड़ताल पर थे, जो हिंसा शुरू होने के तुरंत बाद समाप्त हो गई। जलवायु कार्यकर्ता लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की वकालत करते रहे हैं, जो आदिवासी क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित है और कुछ विधायी और न्यायिक शक्तियों के साथ स्वायत्त ज़िला परिषदों के निर्माण की वकालत करते हैं। अनुच्छेद 244 के तहत छठी अनुसूची वर्तमान में पूर्वोत्तर राज्यों असम, मिज़ोरम, त्रिपुरा और मेघालय पर लागू होती है। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हालिया हिंसा के बाद, शनिवार को लेह में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्रतिबंध लागू रहे।

# दवाइयों के बाद अब ये सेक्टर ट्रंप के निशाने पर, My Dear Friend बोलकर भारत पर लगाने वाले हैं नया टैरिफ

वांशिगटन। डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाला अमेरिकी प्रशासन आयातित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर टैरिफ लगाने की योजना पर विचार कर रहा है, जो उनमें लगे चिप्स की संख्या पर निर्भर करेगा। रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से यह दावा किया है। इस प्रस्ताव के तहत, अमेरिकी वाणिज्य विभाग उत्पाद के अनुमानित चिप मूल्य के प्रतिशत के रूप में टैरिफ की गणना करेगा। यह कदम निर्माताओं को उत्पादन अमेरिका में स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कुश देसाई ने इस मामले पर रॉयटर्स से कहा अमेरिका सेमीकंडक्टर उत्पादों के लिए विदेशी आयात पर निर्भर नहीं रह सकता, जो हमारी राष्ट्रीय और आर्थिक सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं।



ट्रम्प प्रशासन टैरिफ, कर कटौती, विनियमन और ऊर्जा प्रचुरता के साथ महत्वपूर्ण विनिर्माण को वापस अमेरिका में लाने के लिए एक सूक्ष्म, बहुआयामी दृष्टिकोण को लागू कर रहा है। प्रभावित होने वाले उत्पादों के दायरे, टैरिफ दरों और संभावित छूटों के बारे में अनिश्चितता बनी हुई है। वाणिज्य विभाग चिप सामग्री पर 25इ और जापान व यूरोपीय संघ से आने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स पर 15इ की दर तय करने पर विचार कर रहा है, हालाँकि ये आँकड़े अभी भी प्रारंभिक हैं। यदि इसे क्रियान्वित किया गया तो यह नीति टूथब्रश से लेकर लैपटॉप तक उपभोक्ता वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर लागू होगी, जिससे अमेरिकी परिवारों की लागत में संभावित रूप से वृद्धि होगी। अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी है कि इससे मुद्रास्फीति भी बढ़ सकती है। रूढ़िवादी अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के अर्थशास्त्री माइकल स्ट्रेन के अनुसार, इस कदम से उपभोक्ता मूल्य बढ़ेंगे, ऐसे समय में जब अमेरिका मुद्रास्फीति की समस्या से जूझ रहा है, मुद्रास्फीति स्पष्ट रूप से फेड के लक्ष्य से ऊपर है और बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आयातित वस्तुओं पर अधिक शुल्क लगने से घरेलू स्तर पर उत्पादित वस्तुएं भी महंगी हो सकती हैं। ट्रंप इस साल पहले ही व्यापक टैरिफ लागू कर चुके हैं, जिसमें ब्रांडेड दवाओं पर 100इ और भारी-भरकम ट्रकों पर 25इ शुल्क शामिल है। इससे पहले अप्रैल में, उनके प्रशासन ने फार्मास्यूटिकल्स और सेमीकंडक्टर की जाँच शुरू की थी और विदेशी निर्भरता को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया था।

# इधर ट्रंप की तारीफ में कसीदे पढ़ रहे शहबाज शरीफ, उधर ख्वाजा आसिफ चीन को बता रहे भरोसेमंद सहयोगी

इस्लामाबाद। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा व्हाइट हाउस में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज़ शरीफ़ और पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की मेज़बानी के एक दिन बाद, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि चीन, पाकिस्तान द्वारा अमेरिका के साथ नजदीकी को लेकर चिंतित नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच समय की कसौटी पर खरी उतरी साझेदारी है। उन्होंने यह टिप्पणी ब्रिटिश-अमेरिकी पत्रकार मेहदी हसन को दिए एक साक्षात्कार में की, जब उनसे पाकिस्तान के चीन और अमेरिका के साथ संबंधों के बारे में पूछा गया।



स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट का हवाला देते हुए, हसन ने बताया कि पाकिस्तान ने पिछले चार सालों में अपने लगभग 80इ हथियार चीन से खरीदे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या खनिज सौदों, क्रिप्टो सौदों और अन्य माध्यमों से पाकिस्तान के अब ट्रंप के साथ घनिष्ठ संबंध, चीन के साथ संबंधों को खतरे में डाल सकते हैं, ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हमें इसकी कोई चिंता नहीं है, क्योंकि चीन के साथ हमारे संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। 50 के दशक के उत्तरार्ध से... मैं बस इतना कहकर अपनी बात समाप्त करूँगा कि चीन हमारी इश्कबाज़ी या आप इसे जो भी कहें, उससे चिंतित नहीं है।

जब उनसे पूछा गया कि पाकिस्तान अपना रणनीतिक भविष्य किसके साथ देखता है-अमेरिका या चीन के साथ, तो पाक रक्षा मंत्री ने हसन से कहा कि अतीत में आज भी और भविष्य में भी चीन हमारा बहुत विश्वसनीय सहयोगी रहा है, सभी प्रकार के हथियारों का बहुत विश्वसनीय प्रदाता रहा है। हमारी वायु सेना, पनडुब्बियां और विमान। हमारी पनडुब्बियां वहीं से हैं। हमारे हथियारों का लगभग एक बड़ा हिस्सा चीन से आता है, और हमारा रक्षा सहयोग बढ़ रहा है। चीन के साथ यह पहले से कहीं अधिक मजबूत है... इसका मुख्य कारण संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे अन्य स्रोतों की अविश्वसनीयता है।

# इजराइली हमले में गाजा में 38 लोगों की मौत

इजराइली हमलों और गोलीबारी में शनिवार सुबह गाजा में कम से कम 38 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। युद्धविराम के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है, लेकिन इजराइल के नेता युद्ध जारी रखने पर अड़े हुए हैं।

अल-अवदा अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों के अनुसार, मध्य और उत्तरी गाजा में शनिवार तड़के हुए हमलों में कई लोग मारे गए, जिनमें नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक ही परिवार के नौ लोग शामिल हैं।

ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व के अन्य नेताओं के समक्ष गाजा में हमास के ''पूर्ण खात्मे'' तक युद्ध जारी रखने का संकल्प जताया था।

अल-अहली अस्पताल के अनुसार, शनिवार सुबह हुए हमलों में गाजा शहर के तुफाह इलाके में एक मकान ध्वस्त हो गया, जिसमें कम से कम 11 लोग मारे गए। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी हैं।



शिफा अस्पताल के अनुसार, शाती शरणार्थी शिविर पर हुए हवाई हमले में चार अन्य लोग मारे गए। नासिर और अल अवदा अस्पतालों के अनुसार, दक्षिणी और मध्य गाजा में सहायता लेने जाते समय इजराइली गोलीबारी में छह अन्य फलस्तीनी मारे गए। इजराइल की सेना ने हवाई हमलों या गोलीबारी के बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# अमेरिका की चेतावनियों को भारत ने टायर तले कुचला, चाबहार पोर्ट पर ही दौड़ा दी ट्रक, कई देशों में तहलका

चाबहार। भारत के ट्रकों ने मक्कारी कर रहे कई देशों में हड़कंप मचा दिया है। भारत से लगातार गद्दारी कर रहे अमेरिका को जवाब देने के लिए भारत ने इन ट्रकों का इस्तेमाल जबरदस्त कूटनीतिक हमले के लिए किया है। भारत ने इन ट्रकों के जरिए अपनी इंसानियत और अमेरिका की हैसियत पूरी दुनिया के सामने दिखा दी है। दरअसल, अपनी बातें मनवाने और भारत पर दबाव डालने के लिए डोनाल्ड ट्रंप एक मैक्सिमम प्रेशर पॉलिसी पर काम कर रहे हैं। इन पॉलिसी में अलग अलग सेक्टर पर टैरिफ लगाना, एच1बी वीजा का शुल्क बढ़ाना शामिल है। पाकिस्तान से दोस्ती और रूस का नाम लेकर भारत को कोसना भी ट्रंप की मैक्सिमम प्रेशर पॉलिसी का हिस्सा है। अमेरिका ये सब इसलिए कर रहा है क्योंकि भारत उसकी बात मान जाए। ऐसेमें डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ दिन पहले ईरान के चाबहार पोर्ट को लेकर दी गई छूट को रद्द करने का ऐलान कर दिया। आप जानते ही हैं कि अमेरिका ने ईरान पर कई तरह के प्रतिबंध लगा रखे हैं। अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से किसी भी देश का ईरान के साथ व्यापार करना लगभग असंभव है। लेकिन अमेरिका ने साल 2018 में चाबहार पोर्ट को अफगानिस्तान की मदद और विकास के लिए छूट दी थी। यानी अमेरिका के जो प्रतिबंध पूरे ईरान पर थे वो चाबहार पोर्ट पर लागू नहीं होते थे। इस पोर्ट का निर्माण भारत ने किया था और ये उसके लिए रणनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण भी है। लेकिन अब ट्रंप ने कह दिया है कि ईरान की गलत हरकतों को रोकना चाहता हैं इसलिए हम चाबहार पोर्ट को दी गई खास छूट को रद्द कर रहे हैं।

भारत को चोट पहुंचाने के लिए अमेरिका ने ये ऐलान किया। अब पीएम मोदी ने इसी चाबहार पोर्ट पर ट्रक दौड़ा दिए हैं। भारत ने पिछले महीने आए भीषण भूकंप से तबाह हुए अफ़ग़ानिस्तान को मानवीय सहायता की एक नई खेप भेजी है। तीन कंटेनरों में भरी यह राहत सामग्री चाबहार बंदरगाह के रास्ते काबुल पहुँची और अफ़ग़ान अधिकारियों को सौंप दी गई। इस सहायता के साथ, प्रभावित लोगों की सहायता के लिए भेजी गई सहायता की यह तीसरी खेप है। इस खेप में खाद्य आपूर्ति, वाटर प्यूरीफायर, प्रोटीन पाउडर, टिन की चादरें, स्लीपिंग बैग, स्वच्छता किट, जल भंडारण टैंक, जनरेटर सेट, पारिवारिक टेंट, कंबल, आवश्यक दवाइयाँ और अन्य चिकित्सा सामग्री जैसी आवश्यक वस्तुएँ शामिल हैं। यह प्रयास भूकंप के बाद राहत प्रदान करने के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें 2,200 से ज़्यादा लोगों की जान चली गई थी। ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह के इस्तेमाल से यह राहत सामग्री पहुँचाने में आसानी हुई, जिससे क्षेत्रीय रसद चुनौतियों के बीच सहायता के लिए एक वैकल्पिक मार्ग का पता चला।

विदेश मंत्रालय ने सहायता के आगमन की घोषणा करते हुए कहा कि यह भूकंप प्रभावित क्षेत्रों की मौजूदा ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पहले भेजी गई खेपों पर आधारित है।

# चीन के गांसू प्रांत में भूकंप के झटके, 11 लोग घायल

बीजिंग। चीन के गांसू प्रांत में शनिवार को 5.6 तीव्रता का भूकंप आने पर 11 लोग घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी।

सरकारी प्रसारक चीन सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) ने बताया कि घायलों को क्षेत्रीय अस्पतालों में ले जाया गया।




सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, एक अस्पताल में लाए गए छह लोगों में से पांच को भर्ती कर लिया गया है। उनकी हालत स्थिर है। चीन के भूकंप केंद्र के अनुसार, लोंक्शी काउंटी में तड़के पांच बजकर 49 मिनट पर भूकंप आया, जिसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था।

सरकारी मीडिया के अनुसार, भूकंप के कारण 17 मकान नष्ट हो गए और 3,500 से ज्यादा आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। सरकारी मीडिया ने बताया कि लोंग्शी और झांगशियान काउंटी के लगभग 7,800 लोगों को दूसरे स्थानों पर ले जाया गया है।

**Facebook:** https://www.facebook.com/profile.phpid=100063787346044 **Twitter:** https://twitter.com/mantrabharatt=8tJONQ7H-h6EKqqap2tVMw&s=08 **Mobile No:** 7007837917

मंत्र भारत : R.N.I. MAHHIN/ 2016/65841 स्वात्वाधिकारी राकेश शर्मा के लिए राकेश शर्मा द्वारा AIS Printing solution प्लॉट नं0-A- 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एमआईडीसी माहपे-नवी मुंबई, थाने 400709 से मुद्रित एवं शाप.नं. 36, द्वितीय तल, प्लाट -490.1. जाम मील बिल्डिंग, डॉ बाबा साहेब अम्बेकर रोड, लाल बाग परेल, मुम्बई-400012प्रकाशित एवं सम्पादित । कार्यालय : शाप.नं. 36, द्वितीय तल, प्लाट -490.1. जाम मील बिल्डिंग, डॉ बाबा साहेब अम्बेकर रोड, लाल बाग परेल, मुम्बई-400012 । फोन : 022-24706563 । कार्यकारी सम्पादक- योगेन्द्र चौधरी
E-Mail : editormantrabharat@gmail.com mantrabharatmumbai@gmail.com । सम्पादक : विनोद आर शर्मा, मोबाइल : 7007837917 । समूह सम्पादक : डॉ दयानन्द तिवारी। वैधानिक सूचना : मंत्र भारत से संबंधित समस्त विवाद निपटारे के लिए मंत्र प्रधान कार्यालय क्षेत्र प्रयागराज/इलाहाबाद न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालयः 80ए मेंहदौरी, तेलियरगंज, प्रयागराज-211004 (नोटः कानूनी पत्र व्यवहार का पता प्रधान कार्यालय ही होगा।)